www.epaper.azadsipahi.in

05 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 78

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# हेमंत करेंगे मंईयां का सम्मान, तैयारी पूरी

## 6 जनवरी को रांची के नामकुम में होगा राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम



- रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की
- विधि, सुरक्षा व्यवस्था और सुगम यातायात के लिए दिये निर्देश

### कार्यक्रम स्थल को सेक्टरवार बांटा गया

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम स्थल को सेक्टरवार बांटा गाया। हर सेक्टर में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जा रही है। जो सभी विधि व्यवस्था को संभालेंगे। साथ ही इतने बड़े कार्यक्रम आयोजन को लेकर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए क्यूआरटी टीम तैनात रहेगी, जो पूरी तरह ट्रैफिक को सुगम बना कर रखने की जिम्मेदारी निभायेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान का राज्यस्तरीय कार्यक्रम 6 जनवरी को नामकुम के खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्यभर की 'मंईयां' को सम्मानित करेंगे। वह उनसे रूबरू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी सम्बंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रिफिंग बैठक की। उन्होंने विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और सुगम यातायात संधारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

भजंत्री ने कार्यक्रम की तैयारी की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम संचालन, अतिथियों के आगमन, उनके बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के आगमन व उनके बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के खाने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इसके अलावा बिजली व्यवस्था, पार्किंग, बस एवं वाहनों के लिए रुट मार्किंग, अग्निश्मन, मेडिकल टीम, साइनेज, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्था ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।

**ब्रिफिंग बैठक में थे मौजूद :** ब्रीफिंग बैठक में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने भी कई दिशा-निर्देश दिये। वरीय पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक, विधि व्यवस्था, सुरक्षा आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में एक साथ 5000 रुपये डाले जायेंगे : सुप्रियो

**झामुमो महासचिव ने भाजपा की गोगो दीदी योजना की घोषणा पर साधा निशाना**



**रांची (आजाद सिपाही)।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। विशेष कर महिला शसक्तीकरण और आर्थिक रूप से उन्हें मजबूत करना प्राथमिकता में है। हमलोगों ने दिसंबर से मंईयां सम्मान राशि 2500 रुपये करने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया। देश में पहली बार कोई सरकार 56 लाख महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह दे रही है। देश में किसी सरकार ने इतने बड़े पैमाने महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिनके खाते में दिसंबर महीने का पैसा नहीं गया, उनके खातों में एकसाथ 5000 रुपये डाले जायेंगे। सुप्रियो शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के गोगो दीदी योजना पर भी साधा निशाना।

**बाबूलाल मरांडी पर साधा निशानाः** सुप्रियो ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के वह बड़े विद्वान हैं। विधानसभा गठन के एक महीना से अधिक समय हो गया लेकिन उनको अभी तक विधायक दल का नेता नहीं मिला है। बाबूलाल 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का मुद्दा उठाया है। वह बतायें कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में एमएसपी पर कब धान की खरीदारी की है। देश में सैकड़ों किसानों की जान चली गयी। कृषि मंत्री 4 महीने तक झारखंड में थे। एकबार फिर झारखंड में भ्रमजाल फैलाने का काम कर ही भाजपा।

**भाजपा के कुचक्र में न फंसे युवा :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सारी सरकारी नियुक्तियां इस वर्ष हो जायेंगी। लेकिन पेंच लगाना अब बंद हो। सभी युवाओं से मेरी आग्रह है कि आप भाजपा के कुचक्र में न पड़े। और हर बात को लेकर न्यायालय न जायें। ठोस सबूत हो तो आप राज्य सरकार को उससे अवगत करायें। नियुक्ति प्रक्रिया अब शीघ्र चालू होगी। जहां भी नियुक्तियां होगी वहां झारखंड के स्थानीय लोग नियुक्त होंगे।

### गोगो दीदी योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा हुआ

सुप्रियो ने गोगो दीदी योजना के नाम पर भाजपा पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने गोगो दीदी योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा किया है। गोगो दीदी के फॉर्म भरवाये जाने के नाम पर 500-500 रुपये वसूले गये थे। उन पैसों की अब रिकवरी करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र से गोगो दीदी योजना को लागू करवा कर देश भर की सभी महिलाओं को 2100 रुपये दिलवाये।

## हेमंत सरकार गोगो दीदी योजना में वसूली के आरोप की जांच कराये: अविनेश कुमार

**भाजपा प्रवक्ता ने कहा आरोप साबित नहीं कर सके, तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि सत्तामद में झामुमो होश खो चुका है। झामुमो के नेता अपने किये वादों की विफलताओं को छुपाने के लिए अनर्गल और तथ्यहीन आरोप गढ़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो नेता द्वारा चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा बहनों के लिए घोषित गोगो दीदी योजना में करोड़ों की वसूली की बात बेबुनियाद और तथ्यों से परे है। हेमंत सरकार से मांग है कि अपनी पार्टी के प्रवक्ता के अनर्गल आरोपों की जांच कराकर जनता को बतायें कि किसने फॉर्म भरने के लिए पैसे दिये हैं। सरकार अवैध वसूली को उजागर करे, अन्यथा भाजपा झामुमो के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कानूनी कार्रवाई करेगी।

### चुनाव पूर्व किये वादे को पूरा करे सरकार

पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा एक सशक्त विपक्ष के नाते राज्य सरकार को जब उनका वादा याद कराती है, तो सत्ताधारी गठबंधन तिलमिला जाता है। झामुमो बताये कि 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद का वादा क्या केवल वोट लेने के लिए किया गया था। 450 रुपये में गैस सिलिंडर का वादा क्या सिर्फ दिखावा था? उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना का भाजपा ने विरोध नहीं किया। बल्कि भाजपा की गोगो दीदी योजना की घोषणा के दबाव में ही झामुमो ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ा कर 2500 रुपये किया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### साइंटिस्ट डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन

मुंबई। भारत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का शनिवार तड़के निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उन्होंने शनिवार सुबह 3.20 बजे मुंबई जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। देश में न्यूक्लियर वेपंस डेवलपमेंट में डॉ. राजगोपाला की सक्रिय भूमिका रही। 1974 के पोखरण टेस्ट में भी उनका अहम योगदान रहा। 1998 के पोखरण टेस्ट में उन्होंने साइंटिस्ट की टीम को लीड किया था। उनको 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### अंतरिक्ष में भेजा गया लोबिया चार दिन में अंकुरित

नयी दिल्ली। इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लांच किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डेप्लॉय किया गया। इसके साथ भेजे गये पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल पर कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज ने अंतरिक्ष में पहली बार जीवन अंकुरित करने में सफलता पायी है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में डिजाइन किये गये सीआरओपीएस ने महज चार दिनों में लोबिया के बीज को माइक्रोग्रैविटी के जरिए अंकुरित किया। जल्द ही इसमें पत्तियां आने की उम्मीद है।

## गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर कल सरकारी छुट्टी घोषित

**शीत लहर को देखते हुए 6 और 7 जनवरी को रांची के सभी स्कूल रहेंगे बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरु गोबिंद सिंह की जयंती 6 जनवरी को है। झारखंड सरकार ने इस दिन छुट्टी की घोषणा की है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। उधर, रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ठंड और शीतलहर को देखते हुए 6 और 7 जनवरी को जिला के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के बंद रखने का आदेश दिया है। हालांकि शिक्षक और कर्मियों को समय पर स्कूल आना होगा और स्कूल के अन्य कार्यों को निष्पादित करना होगा।

**कार्मिक विभाग की अधिसूचना जारी :** कार्मिक विभाग के विशेष सचिव ओम प्रकाश साह ने 6 जनवरी को राज्य सरकार की छुट्टी संबंधित अधिसूचना जारी की है। उन्होंने लिखा है कि 6 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

### निजी स्कूल भी बंद करने का आदेश

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा है कि शीत लहर को देखते हुए अत्याधिक ठंड पड़ने से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शीत लहर के प्रकोप के कारण 6 और 7 जनवरी को जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च, मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय और सभी निजी विद्यालय पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिया जाता है। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी इस अवधि में नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित रहते हुए विद्यालयी कार्य का संपादन करना सुनिश्चित करेंगे।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Old H.B. Road, Pragati Path, Ranchi-834011
REGISTRATION FOR ADMISSION IN CLASS XI
(SESSION: 2025-26)
Science | Commerce | Arts (Humanities)
Eligibility:
• Students appearing in Class X Board Exam 2025 from any Board.
• Provisional admission in Class XI will be done on the basis of OPS Entrance Test (date will be announced later).
• Admission and scholarships will be granted on the basis of performance in Class X Board Result 2025.
■ To apply & for more details, visit: www.oxfordpublicschool.net.in.
■ For any queries, write to us at: info@oxfordpublicschool.net.in
or call on: 7485096731 / 7461944744
Principal

# गांव का विकास पहले भी हो सकता था : मोदी

## दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरा ज्यादा समय गांव-देहात में गुजरा। मैंने परेशानियों को करीब से देखा है, इसीलिए समस्याओं को हल करने का सपना देखा। पहले हमारे देश के सीमावर्ती गांवों को लेकर सोच क्या थी? उन्हें देश का आखिरी गांव कहा जाता था। हमने ये सोच बदली। हमने बताया कि सूरज की पहली और आखरी किरण यहां पड़ती है। ये हमारे लिए प्रथम गांव हैं। इनके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। बतातें चलें कि ग्रामीण भारत महोत्सव 4 से 9 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव की थीम 'विकसित भारत 2047 के लिए एक बेहतरीन ग्रामीण भारत का निर्माण' रखी गयी है।

**पूर्व की सरकार पर साधा निशानाः** प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव का विकास पहले भी हो सकता था। लेकिन आजादी के बाद से अबतक देश के लाखों गांव बुनियादी चीजों से वंचित रहे हैं। देश में सबसे ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी गांव में रहते हैं। ये लोग गांव में ही गुजारा करते हैं। पहले की सरकारों ने इनकी जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा। गरीबी बढ़ती रही। गांव और शहर की खाई भी बढ़ती रही।

### केंद्र सरकार की योजनाओं का किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की हर घर नल, फसल बीमा योजना, विश्वकर्मा योजना, पीएम जनमन योजना, पीएम ग्राम सड़क योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों को पक्के घर दिये गये हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting

J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# झामुमो का अगला निशाना बिहार, पार्टी का होगा विस्तार

## ■ बिहार की दर्जन भर सीटों पर प्रत्याशी उतारने की झामुमो की तैयारी

## ■ हेमंत ने तो झारखंड में बड़ा दिल दिखाया, अब राजद और कांग्रेस की बारी

## ■ पश्चिम बंगाल-ओड़िशा में जेएमएम का संगठन विस्तार के बाद, बिहार में महत्वाकांक्षी योजना तैयार

**झारखंड की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत झारखंड मुक्ति मोर्चा अब अपने विस्तार की योजना पर गंभीरता से काम कर रहा है। झारखंड की सियासत में मजबूती से स्थापित होने और ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के बाद झामुमो ने अब बिहार पर अपना ध्यान लगाया है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने विस्तार की अपनी योजना की पहली सीढ़ी के रूप में बिहार विधानसभा के चुनाव में उतरने का फैसला किया है। पार्टी ने बिहार की दर्जन भर सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही है और इसके लिए इंडी अलायंस की अगली बैठक में इस मुद्दे पर दो टूक बात करने का मन बनाया है। झामुमो की इस दावेदारी के बाद से राजनीतिक हलकों में खलबली मच गयी है, क्योंकि राजद और कांग्रेस की तरफ से झामुमो को बिहार में इतनी अहमियत दिये जाने की संभावना कम दिख रही है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में जिस बड़े दिल के साथ कांग्रेस और राजद को अपनाया है, वैसा बड़ा दिल बिहार में शायद ही राजद और कांग्रेस दिखाये। उस स्थिति में इंडी अलायंस के भीतर उथल-पुथल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल, झामुमो की विस्तार योजना से एक बात तो साफ हो गयी है कि हेमंत सोरेन अपनी पार्टी को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और यह झामुमो के नये दौर की शुरूआत है। क्या है झामुमो की विस्तार योजना और बिहार चुनाव में झामुमो के उतरने का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में मजबूती से पैर जमाने और पश्चिम बंगाल-ओड़िशा में संगठन विस्तार के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अब बिहार में अपने विस्तार की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इसके तहत पार्टी ने इस साल के अंत में होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में ताल ठोंकने का फैसला किया है। पार्टी ने झारखंड में अपनी सहयोगी कांग्रेस और राजद से 12 सीटें मांगने की घोषणा की है। झामुमो का तर्क है कि सीमावर्ती जिलों में पड़ने वाली विधानसभा सीटों पर उसका जनाधार है। अतीत में वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भी रहे हैं। झामुमो ने जिन 12 विधानसभा सीटों पर दावेदारी की है, उनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, रूपौली, रामपुर, बनमखनी, जमालपुर, पीरपैंती और चकाई शामिल हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन सभी 12 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारना चाहता है। ये सभी सीटें झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाके की हैं। झामुमो का कहना है कि इन सीटों पर न सिर्फ उसके कार्यकर्ता हैं, बल्कि उसके पास प्रत्याशी भी हैं। पार्टी ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अगले कुछ दिनों में आयोजित होनेवाले पार्टी महाधिवेशन में इस बारे में औपचारिक फैसला लेने की बात कही है। झामुमो ने कहा है कि बिहार में प्रत्याशी उतारने के संबंध में राजद और कांग्रेस से जल्द बातचीत होगी। पार्टी को उम्मीद है कि उसकी मांगों पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जायेगा। पार्टी का दावा है कि 2024 के दो चुनावों से साफ हो गया है कि पार्टी का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। तानाशाही तत्वों के खिलाफ लड़ कर जिस प्रकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बड़ी जीत मिली है, उसकी स्वाभाविक तौर पर पार्टी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हो रही है। झामुमो को चाहने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं।

### क्या है झामुमो की दावेदारी का आधार

झामुमो की यह दावेदारी दरअसल उसकी विस्तार योजना का हिस्सा है। पार्टी ने झारखंड के अलावा बंगाल और ओड़िशा में अपना विस्तार किया है और अब वह बिहार में अपने पैर फैलाना चाहती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि बिहार में चुनाव मैदान में उतरने के झामुमो के फैसले का इंडी अलायंस पर सबसे अधिक असर पड़ेगा और इससे राजनीति में नया गुल खिल सकता है। झामुमो झारखंड में इंडी अलायंस की सबसे बड़ी पार्टी है, वहीं बिहार में उसकी भूमिका सहयोगी की है। झामुमो को उम्मीद है कि बिहार में उसे कम से कम 12 सीटों पर चुनाव लड़ने को मिलेगा। झामुमो ने कहा है कि इंडी अलायंस की बैठक में वह अपनी दावेदारी पेश करेगा और सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला गठबंधन के घटक दलों के बीच बातचीत से ही तय होगा। दो महीने पहले झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने कांग्रेस को 29 और राजद को पांच सीटें दी थीं। इनमें से कांग्रेस ने 16 और राजद ने चार सीटों पर जीत हासिल की है। हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस को चार और राजद को एक मंत्री पद भी मिला है।




### पहले भी प्रत्याशी दे चुका है झामुमो

वैसे यह पहली बार नहीं है कि झामुमो बिहार चुनाव में प्रत्याशी उतारने की बात कह रहा है। झामुमो पहले भी बिहार में चुनाव लड़ चुका है। 2020 में हुए चुनाव में झामुमो ने बिहार की चार सीटों से अपने उम्मीदवार उतारे थे, हालांकि किसी को जीत नहीं मिली। पार्टी ने चकाई से एलिजाबेथ सोरेन, झाझा से अजीत कुमार, कटोरिया से अंजेला हांसदा, मनिहारी से फूलमनी हेंब्रम और धमदाहा से अशोक कुमार हांसदा को चुनाव मैदान में उतारा था।

### झामुमो के दावे का सियासी असर

बिहार की दर्जन भर सीटों पर झामुमो द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने की घोषणा के बाद से ही सियासी हलकों में खलबली दिखने लगी है। राजद की तरफ से हालांकि इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन कांग्रेस ने इस पर उचित समय पर विचार करने की बात कही है। कांग्रेस का कहना है लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का अधिकार हर राजनीतिक दल को है। बिहार में कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इन तमाम बिंदुओं पर जब महागठबंधन के शीर्ष नेता बैठेंगे, तब फैसला हो जायेगा। लेकिन इतना जरूर है कि इंडी अलायंस पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा और संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ चुनाव जीतेगा भी। झामुमो की दावेदारी और रणनीति से साफ है कि वह इस बार बिहार के चुनावी परिदृश्य में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। पार्टी को महागठबंधन से काफी उम्मीदें हैं और यदि सीट बंटवारे पर सहमति बनती है, तो यह चुनावी समीकरणों को नया मोड़ दे सकता है। जानकार बताते हैं कि हेमंत सोरेन ने जिस तरह झारखंड में राजद और कांग्रेस को समुचित सम्मान और सीटें दी थीं, वह अपनी पार्टी के साथ भी बिहार में वैसा ही व्यवहार चाहते हैं। लेकिन राजद और कांग्रेस के रुख से ऐसा नहीं लगता कि वे झामुमो को तवज्जो देने के मूड में हैं। इंडी अलायंस में हेमंत सोरेन ने अपनी जो जगह बनायी है, उसके बाद से राजद और कांग्रेस के लिए उनको नजरअंदाज करना भी आसान नहीं होगा। लेकिन यदि ऐसा हुआ, तो कुछ नया गुल खिल सकता है और इस संभावना से पूरी तरह इनकार भी नहीं किया जा सकता है।

---

# हेमंत सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक काम किये, बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राज्य सरकार पर किये गये निराधार आरोपों का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में बीजेपी ने 17 वर्षों तक शासन किया, लेकिन तब किसानों के हितों पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार किसानों के हित में लगातार ऐतिहासिक फैसले ले रही है।

इरफान अंसारी ने बताया कि झारखंड सरकार ने इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो देश के कई राज्यों से अधिक है। इसके अतिरिक्त, किसानों को 100 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जा रहा है। उन्होंने बीजेपी पर किसानों के मुद्दों पर राजनीति करने और जनता को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया।




### पिछले वर्षों की तुलना में प्रगति

**2023-24:** 591 किसानों से 32,499.00 क्विंटल।

**2022-23:** 5901 किसानों से 2,88,285.00 क्विंटल।

**2024-25:** 11,720 किसानों से 6,81,217.00 क्विंटल।

स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण अधिप्राप्ति में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### किसानों के लिए विशेष सुविधाएं

एसएमएस के माध्यम से धान बिक्री की सूचना, जिससे किसानों को अधिप्राप्ति केंद्रों पर इंतजार नहीं करना पड़ता।

सभी अधिप्राप्ति केंद्रों पर नमी मापक यंत्र और विश्लेषण किट की व्यवस्था।

किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर धान नहीं बेचें।

धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत किया गया है। हर सप्ताह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाती है। बिचौलियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाये गये हैं। डॉ अंसारी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बीजेपी को झारखंड की जनता और किसानों के मुद्दों पर राजनीति करना बंद करना चाहिए। हमारी सरकार के कार्यों से किसानों में खुशी की लहर है और झारखंड प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### धान अधिप्राप्ति का विवरण

- इरफान अंसारी ने कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान क्रय का कार्य 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ है।
- लक्ष्य: 6 लाख मीट्रिक टन धान क्रय।
- निबंधन: 2,37,442 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर निबंधन कराया।
- अधिप्राप्ति केंद्र: पूरे राज्य में 684 अधिप्राप्ति केंद्र संचालित, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक हैं।
- धान क्रय: 11,720 किसानों से 6,81,217.00 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति।
- सीएमआर (मिलिंग): 1,07,434.00 क्विंटल चावल अग्रिम रूप से प्राप्त।

---

# साहिबगंज में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज में शनिवार को जीरवा बाड़ी थाना क्षेत्र के पशुपालन कार्यालय के पास एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। युवक की पहचान नवल कुमार उर्फ बड़कू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नवल को किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से निकला था। इसी दौरान किसी ने पीछे से उसकी पीठ पर गोली चलायी। गोली शरीर को छेदते हुए आर-पार हो गयी। युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नवल कुमार गुल्ली भट्टा के पांच मोड़वा के पास रहता था। इस घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पायी है। नवल के परिजनों ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का 10:30 बजे फोन आया। नवल बोला- मैं थोड़ी देर में आ रहा हूं। उसके बाद वह पैदल ही घर से निकला, जिसके बाद उसके पीठ पर गोली चलायी गयी। परिजनों ने फिलहाल किसी पर शक जाहिर नहीं किया है।



---

# 28 फरवरी तक सरकारी कर्मियों को देना होगा संपत्ति का विवरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरकारी कर्मियों (ग्रुप डी को छोड़ कर) को चल और अचल संपत्ति का विवरण 28 फरवरी तक देना होगा। इस संबंध में कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त और जिलों के डीसी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी सेवक, ग्रुप डी को छोड़ कर 28 फरवरी तक मानव संपदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से चल और अचल संपत्ति का विवरण अनिवार्य रूप से अपलोड करें। यह विवरण एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक का देना है।

---

# बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू को एनआइए ने लिया हिरासत में

### भाकपा माओवादी के लिए काम करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर से बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू को हिरासत में लिया है। जांच में पता चला था कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति का सचिव था, जिसे प्रतिबंधित किया गया था। आरोपी माओवादियों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन विस्तार करने और संगठन के लिए धन संग्रह करने में शामिल था। इस पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं से जुड़े होने का आरोप है। एनआइए की आठ टीमें शनिवार को बोकारो पहुंचीं और नक्सली समर्थकों के यहां छापेमारी की। बोकारो के एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने एनआइए की छापेमारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एनआइए की टीम सुबह में ही बोकारो जिले के गोमिया और चतरोचट्टी पहुंची और कई जगहों पर छापेमारी की। बोकारो पुलिस ने भी छापेमारी में एनआइए का सहयोग किया। उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी क्षेत्र के चुट्टे, लोधी सहित गोमिया थाना क्षेत्र के धमधरवा जैसे सुदूरवर्ती गांवों में एनआइए की टीम पहुंची। नक्सलियों के मददगार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ एनआइए ने कार्रवाई की। यह मामला आरसी 01/2024 माओवादियों द्वारा चतरो चट्टी, बोकारो के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर किये गये हमले से संबंधित है। माओवादियों ने हमले की साजिश रचने के लिए सुंदर पहाड़ी क्षेत्र में डेरा डाला था। मिली जानकारी पर सुरक्षाबलों ने तलाशी शुरू की थी। इसी दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी फायरिंग की। जिसके बाद नक्सली पीछे हट गये थे। बाद में सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को कई डिजिटल डिवाइस, नक्सल साहित्य और आपत्तिजनक सामग्री मिले थे, जिसके बाद विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। बाद में एनआइए ने मामला अपने हाथ में लेते हुए जून 2024 में केस फिर से दर्ज किया था।

### विष्णुगढ़ में एनआइए की छापेमारी




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) की टीम ने उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे, लोधी सहित गोमिया थाना क्षेत्र के धमधरवा जैसे दुर्गम गांवों में एनआइए की टीमें पहुंचीं। एनआइए की यह छापेमारी नक्सलियों के मददगार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ है। तुइयो सहित अन्य गांवों से मिली जानकारी के अनुसार दो शिक्षकों और अन्य के यहां छापेमारी हुई है। संबंधित सभी घरों के सदस्यों के मोबाइल जब्त कर लिये गये। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मोबाइल और दस्तावेज जब्त किये गये है। जानकारी मिल रही है कि पिछले साल बोकारो जिले के लुगू पहाड़ पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद नक्सलियों का एक लैपटॉप जब्त किया गया था। इस लैपटॉप से कुछ सुराग मिले थे, जिसके आधार पर एनआइए की टीम छापेमारी करने पहुंची। इसके अलावा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा में भी इस सिलसिले छापेमारी की गयी है।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 22.9 °c | 7.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# अब उद्योग के लिए जमीन खरीदने पर चुकानी होगी निर्धारित कीमत से 10 गुना अधिक राशि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब कॉमर्शियल क्षेत्र के उद्योगों के लिए जमीन खरीदने पर निर्धारित कीमत से 10 गुना ज्यादा राशि चुकानी होगी। वहीं, सेवा क्षेत्र के उद्योगों को जमीन लेते समय निर्धारित मूल्य से 25 प्रतिशत अधिक राशि देनी होगी। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि रांची प्रक्षेत्र अंतर्गत नामकुम, टाटीसिल्वे, तुपुदाना, बरही (हजारीबाग), सिल्क पार्क इरबा, बरहे (चान्हो), सिसई (बुढ़मू), लोहरदगा (एमआइपी), गुमला (एमआइपी), डाल्टनगंज (एमआइपी), गरजा (सिमडेगा), पातागाई (घाघरा) और झारगांव (चैनपुर) औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित रिक्त भूखंडों और शेडों का आवंटन जियाडा करेगी।

इच्छुक उद्योगपतियों को भूखंड या शेड लेने के लिए 18 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### माइक्रो इंडस्ट्रीयल पार्क में शेड के लिए इतना देना होगा रेंट

डालटनगंज में 20.10 फीट से 13.7 फीट के 26 शेड का मंथली रेंट 6,059 से 4,554 रुपये तक है।

गुमला में 30.16 फीट के 21 शेड का मंथली रेंट 2,222 रुपये है

जमीन के लिए प्रोसेसिंग एवं स्कूटनी शुल्क भी तय कर दी गयी है।

**1 एकड़ के लिए : 10,000 रुपये।**

**1 से 3 एकड़ तक : 25,000 रुपये।**

**3 एकड़ से अधिक: 50,000 रुपये।**

इन शुल्कों पर अलग से जीएसटी भी लगेगा और भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

भूमि का आवंटन एज इज और वेयर इज के आधार पर किया जायेगा। इसके अनुसार भूमि के रिजर्व प्राइस का निर्धारण किया गया है। आवंटी को अन्य सभी प्रकार के कर भी चुकाने होंगे।

## जानें किस जमीन और शेड के लिए कितनी देनी होगी राशि

- नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया : 0.92 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,55,47,489 रुपये।
- टाटीसिल्वे इंडस्ट्रीयल एरिया फेज वन : 0.33 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग :21,38,057 रुपये।
- तुपुदाना इंडस्ट्रीयल एरिया : 5775 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 10,23,573 रुपये।
- बरही इंडस्ट्रीयल एरिया : 1.25 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 65,27,269 रुपये।
- बरही इंडस्ट्रीयल एरिया : 1.25 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 65,27,269 रुपये।
- हजारीबाग इंडस्ट्रीयल एरिया : 16 हजार वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 9,67,773 रुपये।
- सिल्क पार्क ओरमांझी : 5196 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 1,19,508 रुपये।
- सिल्क पार्क ओरमांझी : 3650 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 83,950 रुपये।
- सिल्क पार्क ओरमांझी : 4239 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 97,497 रुपये।
- सिल्क पार्क ओरमांझी : 3179 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 73,117 रुपये।
- सिल्क पार्क ओरमांझी : 2750 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 63,250 रुपये।
- चान्हो इंडस्ट्रीयल एरिया : 4.90 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,45,48,972 रुपये।
- लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 3220 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,38,329 रुपये।
- लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 5200 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 2,23,389 रुपये।
- लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 7800 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 3,35,083 रुपये।
- लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 4200 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,80,429 रुपये।
- सिमडेगा इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : 13,00,746 रुपये (राइस मिल के लिए)।
- पातागई इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 29,22,426 रुपये।
- चैनपुर इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 9,99,666 रुपये (राइस मिल के लिए)।

# हेमंत सोरेन से मिला सिख समुदाय का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिख समुदाय से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 19 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित गुरु गोविंद सिंह जयंती उत्सव में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रणजीत सिंह हैप्पी, झारखंड सिख फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सचिव श्री परमजीत सिंह, हरजीत सिंह स्विंकी, ऋषि छाबड़ा, तविंदर सिंह, गुरनाम सिंह और सोनू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

**कर्क** आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिए खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिए किया जायेगा।

**धनु** विशिष्ट कार्य सिद्धि, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप संबंध बनाने की चेष्टा करें। उनसे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है। आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# झारखंड के पांच जिलों में योजना की सुस्ती से कृषि मंत्री नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में सुस्ती पर नाराजगी व्यक्त की है। नेपाल हाउस के एनआइसी सभागार में भूमि संरक्षण के निदेशालय के साथ ऑन लाइन मीटिंग के दौरान योजना मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान रांची, खूंटी, धनबाद, गुमला और देवघर जिले में संचालित योजनाओं की सुस्त रफ्तार की बात सामने आयी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को अगले दो दिनों में क्षेत्र के विधायकों से मिल कर योजना की जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की सुस्ती की वजह से विभाग अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। विभाग के द्वारा लाभुकों के लिए संचालित तालाब निर्माण, डीप बोरिंग योजना, ट्रैक्टर खरीद, कृषि संयंत्र का अपेक्षित लाभ नहीं दिया जा सका है। जितनी संख्या में आवेदन का अनुमोदन होना चाहिए, उस लक्ष्य से ये पांच जिले काफी पीछे हैं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग को ब्रिज की भूमिका अदा करने की जरूरत है, ताकि लाभुकों तक सही जानकारी और समय के साथ योजनाएं पहुंच सकें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजना का लाभ लेने से संबंधित फॉर्म जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध रहना चाहिए। राज्य के विधायकों को भी योजना से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराये जाये, ताकि जरूरत मंद किसानों को लाभ मिल सके। किसानों के साथ बेहतर सामंजस्य बना कर ही विभाग की योजना को धरातल पर उतारा जा सकता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य स्तर पर भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की मॉनिटरिंग जरूरी है।




## डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** डीएमएफटी द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद मौजूद रहे। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद द्वारा नये प्रपोजल पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी और प्राथमिकता क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला और बाल विकास आदि से संबंधित कार्यों को शामिल करें। उन्होंने डीएमएफटी मद द्वारा स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराये गये उपकरणों के रख रखाव व क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान देने को कहा। छोटे मोटे कारणों से महंगे उपरकर बंद न हो और इसकी पूरी मॉनिटरिंग हो इस बाबत जिला स्तर पर टीम गठित करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को तत्काल दूर कर उन उपकरणों को क्रियाशील बनाया रखा जा सके। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद से किसी भी विभाग के जरूरतों या गैप को कम करना उद्देश्य है। हर स्कीम की सस्टेनेबिलिटी संबंधित विभाग की जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने सभी स्वीकृत किये गये योजनाओं के अद्यतन स्थिति और टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों और एजेंसियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करने को कहा साथ ही संचालित योजना और निर्माण कार्यों कि नियमित रूप से स्थल का भ्रमण का मॉनेटरिंग करने का निर्देश दिया गया।

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया हजारीबाग में संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन

# संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुगम बनाने का प्रयास है : मनीष जायसवाल

यह सेवा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा: कालीचरण सिंह

संजीवनी सेवा कुटीर का उद्देश्य हर मरीज और उसके परिवार को तत्काल सहायता और बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है: प्रदीप प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने जन्मदिवस के विशेष अवसर पर जनता को एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संजीवनी सेवा कुटीर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेवा केंद्र शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत प्रदान करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और चतरा सांसद कालीचरण सिंह मौजूद थे। विशिष्ट अतिथियों में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो और चतरा विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित थे। साथ ही कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम सबसे पहले प्रदीप प्रसाद ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटने के साथ हुई। जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। सांसद, विधायक और अन्य अतिथियों ने सेवा कुटीर का अवलोकन किया और इसके उद्देश्यों की सराहना की।

इसके अतिरिक्त, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिह भोगता उपस्थित थे।

**संजीवनी सेवा कुटीर की विशेषताएं:** संजीवनी सेवा कुटीर हजारीबाग के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को 24 घंटे सेवा प्रदान करेगा। यह केंद्र कई सुविधाओं से लैस है, जो मरीजों के परिजनों को तत्काल मदद और स्वास्थ्य सेवा का भरोसा देता है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी मरीज या उसका परिवार स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान न हो। आने वाले 6 महीने के अंदर एक लैब का निर्माण किया जायेगा, जिसमें कम शुल्क या निःशुल्क लैब संचालित रहेगा।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, दमोदर सिह, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव समेत कई उपस्थित थे।

- हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम में सेवा कुटीर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा यह केंद्र न केवल मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगा।
- चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहल से न केवल क्षेत्र के नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए भी वरदान साबित होगा।
- बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर जैसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत प्रदान करेंगे। यह सेवा केंद्र स्वास्थ्य सुविधाओं में एक नई क्रांति का प्रतीक है।
- मांडू विधायक तिवारी महतो ने कहा की यह सेवा केंद्र मरीजों और उनके परिवारों को सही मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगा।
- चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों के लिए यह सेवा केंद्र किसी वरदान से कम नहीं है।

## नाबालिग का अपहरण, दो युवतियों पर आरोप



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 10 वर्षीय बेटी की अपहरण को लेकर मां ने लिखित आवेदन देकर लगायी पुलिस के समक्ष फरियाद। मामला तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड का है। आवेदन में महिला ने बताया है कि वे शुक्रवार को किसी काम से बाजार गयी हुई थी। जब वे बाजार से वापस घर लौटी तो पाया कि उनकी बेटी घर से गायब है। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद भी जब उनकी बेटी का कुछ पता नहीं चल पाया तो उन्होने पुलिस के समक्ष फरियाद लगायी है। पुलिस के समक्ष दिये गये बयान में महिला ने पड़ोस की ही दो युवति पर अपहरण का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके घर के बगल में रहने वाली दो लड़की मेरी बेटी को हमेशा अपने साथ बहला फुसला कर अपने घर ले जाती थी। खोजबीन में वे दोनों लड़की भी घर से गायब है। ऐसे में आशंका जताते हुए कहा कि उनकी बेटी का उक्त दोनों लड़कियों के द्वारा अपहरण कर अन्यत्र कही ले जाया गया है। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि उनकी बेटी को रील बनाने का शौक था, और इस रील बनाने में पडोस की दोनों लड़कियों ने लत लगा दी थी। इस संबंध में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि बच्ची की खोजबीन जारी है। आवेदिका ने जिन लड़कियो पर अपहरण करने का आरोप लगाया है, वह दोनों नाबालिक है उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जीआइआइएस में वार्षिक टेस्ट सीरीज का शुभारंभ



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया के समीप ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में वार्षिक टेस्ट सीरीज का शुभारंभ 6 जनवरी से इंटरमीडिएट साइंस के छात्रों के लिए किया जा रहा है। इंटरमीडिएट साइंस के छात्रों के लिए तैयारी और अभ्यास करने के उद्देश्य से संस्थान के द्वारा बेहतरीन पहल किया गया है इस संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने टेस्ट सीरीज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इंटर साइंस के छात्रों के लिए टेस्ट सीरीज एक अच्छा अवसर है जिससे छात्र अपने वार्षिक परीक्षा में एक अच्छा स्कोर या अच्छा परिणाम प्राप्त कर करने योग्य बन सकते है इसलिए इस टेस्ट सीरीज में ज्यादा से ज्यादा छात्रों को भाग लेना चाहिए। इस टेस्ट सीरीज में सभी विषयों का टेस्ट लिया जायेगा जो झारखंड अधिविध परिषद परीक्षा के पैटर्न पर आधारित होगा। टेस्ट सीरीज के माध्यम से छात्र वार्षिक परीक्षा के समय अपने टाइम मैनेजमेंट को करने योग्य बन सकेगा। इच्छुक इंटर साइंस के विद्यार्थी इस टेस्ट सीरीज में भाग ले सकता है इसके लिए संस्थान के कार्यालय में आकर संपर्क करें।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चंदवारा सीएचसी का निरीक्षण किया



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा सीएचसी का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग रांची की टीम द्वारा किया गया। जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चंदवारा सीएचसी में कदम रखा वैसे ही वहां मौजूद कर्मियों में हड़कंप मच गया। जांच टीम ने मरीजों के जांच, इलाज और दवा वितरण आदि के बारे में जानकारी ली। पंजी के जांच के दौरान पाया कि मरीजों की संख्या काफी कम है। उन्होंने वहां मौजूद कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करायी जाये। कोई भी मरीज इधर-उधर भटकना नहीं चाहिए। सभी सुविधाएं जरुरतमंदों को हर हाल में मिलने चाहिए। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी है। जांच के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुवे डायरेक्टर डॉ एस पी शर्मा ने बताया की चंदवारा सीएचसी को बेहतर संचालित करने के उद्देश्य से जांच किया गया। जांच में कई कमियां पायी गयी है उसे ससमय सुधार कर लिया जायेगा ताकि यहां के लोगों को ओर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सके। साथ ही यहां पानी और बिजली की मुख्य समस्या है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। मौके पर निदेशक डॉ एस पी शर्मा, पवन कुमार अकाउंटेंट, लिपिक अभय कुमार, डॉ मयूरी सिन्हा, लिपिक प्रियंका कुमारी, एएनएम प्रमिला कुमारी, पूनम सरिता एक्का, लैब टेक्नीशियन सुभाष आर्यन, कंप्यूटर ऑपरेटर शेखर कुमार, नंद किशोर कुमार, ड्रेसर दिनेश यादव, जीएनएम प्रदीप कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पदक प्राप्त खिलाड़ियों को डीडीसी और डीइओ ने किया सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप कार्यक्रम कोलकाता में सम्पन्न हुआ। इसमें कुल 18 राज्यों से करीब 15 सौ खिलाड़ी भाग लिए, जिसमें 18 राज्यों से खिलाडियों ने प्रदर्शन किया। जिसमें ताकवाडों फेडरेसन ऑफ इंडिया ने ऑर्गनाइज किया जिसमें झारखंड राज्य के करीब अलग - अलग जिलों से सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिए। जिसमें ताकवाडों डे-बॉडिंग के 13 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय लेवल पर भाग लिए, जिसमें झारखण्ड राज्य रनर अप ट्रॉफी प्राप्त किए तथा 7 खिलाड़ी स्वर्ण पदक तथा 6 खिलाड़ी रजत पदक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों में माना कुमारी, खुशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नायशा कुमारी, रोजी प्रवीण, नाजिया प्रवीण, खुशबु कुमारी, रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों में खुशबु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुहानी कुमारी, आदिति सिंह, पूनम कुमारी रहीं। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अशोक कुमार को नेशनल में रनर अप प्राप्त हुआ। उपरोक्त विजेता खिलाड़ियों को उप विकास आयुक्त ऋतुराज एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा अविनाश राम द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा, अशोक कुमार डे बॉडिंग प्रशिक्षक कोडरमा उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा चौक के समीप शनिवार की शाम एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति, एक महिला और 2 बच्चे घायल हो गये। घायलों की पहचान घरबरियाबर निवासी कुलदीप शर्मा पिता सुरेश शर्मा, रीता देवी और अमृता कुमारी और वाशु शर्मा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप शर्मा बुलेट मोटरसाइकिल से अपनी भाभी और भतीजा, भतीजी को लेकर डोमचांच लौट रहे थे। इसी दौरान बुलेट मोटरसाइकिल और पिकअप वाहन के बीच टक्कर हो गयी। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां इलाज करके सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## निर्माणाधीन पानी की टंकी से गिरकर मजदूर घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दोनैया गांव में पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा निमार्णाधीन पानी की टंकी पर काम कर रहा एक मजदूर नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल मजदूर को सहयोगियों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में भर्ती कराया गया है। बता दें कि संवेदक दोनैया में पानी की टंकी का निर्माण कई माह से करा रहा है। शनिवार की दोपहर 2 बजे के लगभग मजदूर टंकी का कार्य रहे थे। इसी बीच धनबाद निवासी सनुल अंसारी उम्र 20 वर्ष पैर फिसलने से टंकी से नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ग्रामीणों ने जेएसडब्ल्यू कोल कंपनी का किया विरोध

ग्रामीण पारंपरिक हथियार के साथ डटे रहे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** कोल कंपनियों के खिलाफ पिछले कई वर्षों से गोंदलपुरा, बादाम, अंबाजीत, बाबूपारा, रावत पारा, गाली, बालोदर हाहे, मोतरा और अन्य गांव के ग्रामीण द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को अंबाजीत गांव में जेएसडब्ल्यू कोल कंपनी की बैठक या ग्राम सभा होने की संभावना को लेकर भारी संख्या में ग्रामीण अंबाजीत गांव और महुगाई खुर्द पंचायत भवन के समीप मैदान पहुंच कर कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। सुबह 9:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक सैकड़ों ग्रामीण डंडे, पारंपरिक हथियार के साथ डटे रहे, कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रहे। इस दरमियान जेएसडब्ल्यू कंपनी की किसी प्रकार का ना बैठक हुई, और ना ही ग्राम सभा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि, ग्रामीणों को बतायें बिना जेएसडब्ल्यू कंपनी चोरी छुपे ग्राम सभा करना चाहती है, दलालों के माध्यम से संभावित ग्राम सभा होने की सूचना हम लोगों की मिली थी। जिसे लेकर हम लोग इकट्ठा हुए और कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये। हम ग्रामीण किसी भी कंपनी को स्थापित नहीं होने देंगे, अपनी तीन फसलीय जमीन से पूर्वज समय से ही, हम लोग जीविपार्जन करते आ रहे हैं। हम अपने बच्चों की भविष्य के लिए हमें, अपनी जान की कुर्बानी भी अगर देनी पड़े, तो हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। अपनी जमीन को बचाने के लिए हमें जो भी कुछ करना होगा हम करेंगे। लोगों ने आगे कहा की कुछ वर्ष पूर्व हम ग्रामीणों के विरोध के कारण एमटा कोल ब्लॉक, निको जायसवाल कोल ब्लॉक, और बिहार इलेक्ट्रिक बोर्ड को यहां से भागना पड़ा था। ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने 23 दिसंबर को एकजूटता दिखलाते हुए एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के खिलाफ जन सुनवाई का पुरजोर विरोध किया था, जिसके कारण अंचलाधिकारी को जनसुनवाई रद्द करने की लिखित जानकारी ग्रामीणों को देनी पड़ी थी। जेएसडब्ल्यू की होने वाली बैठक या ग्राम सभा के संबंध में बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें किसी प्रकार की कोई ऑथेंटिक जानकारी नहीं है।

## कनकनी से लोग परेशान, अलाव की मांग

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** ठंड गरीब लोगों की जिंदगी में बड़ी मुसीबत लेकर आती है। प्रखंड सतगावां में इन दिनों हाड़ कंपाने वाली सर्द हवाएं चल रही है। जिससे जन जीवन अस्त- व्यस्त हो गया है।प्रखंड में ठंड का कहर जारी है लेकिन प्रखंड प्रशासन के द्वारा चौक चौराहों पर किसी भी तरह के अलाव की व्यवस्था नही किया है, जिससे खासकर गरीब और मजदूरी करनेवाले लोग ठंड से ठिठुर रहें है। लोगों का कहना है कि न तो प्रखंड प्रशासन के द्वारा और न ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा अलाव की व्यवस्था की गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक जगह पर अलाव जलाने की व्यस्था हो जाती तो ठंड से कुछ हद तक आम लोगों को राहत मिलती, मगर अलाव की व्यवस्था न होने से आमजनों को इस ठंड में ठिठुरना पड़ रहा है। ठंड से बचने के लिए गरीब लोग किसी तरह प्लास्टिक, कूट कार्टून, कचरा आदि जलाकर लोग ठंड से बचने का प्रयास कर रहें है। अलाव की मांग करने वालों में सुरेंद्र पाण्डेय, पप्पू पंडित, फागु लाल, रामनंदन सिंह, रामरतन पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, कुंदन कुमार, राहुल कुमार, रामविलास कुमार, मनोज शर्मा, सिकंदर कुमार, प्रदीप कुमार शामिल हैं।

## करालीमुखिया ने लोगों को दिया कंबल



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भीषण ठंड को देखते हुए एनटीपीसी के द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबल का वितरण कराली पंचायत के मुखिया अशोक राम शनिवार को किया। एनटीपीसी कोल माइंस परियोजना केरेडारी द्वारा उपलब्ध कराये गये तकरीबन 100 कंबल का वितरण बुजुर्ग महिलाएं और बुजुर्ग पुरुषों के बीच वितरित किये गये। मौके पंचायत समिति सदस्य सुरेश भुईयां, उप मुखिया भरत पांडेय, वार्ड सदस्य विकाश कुमार, पवन कुमार, किरण देवी, मनोहर तिवारी, भुगल भुईयां, कृष्णा सिंह, उपेंद्र राम, युगल राम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल और संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शनिवार को सदर प्रखंड स्थित पौता में नि:शुल्क दंत जांच शिविर और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत और स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 32 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर और आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल और हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष और डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डॉ. अभिमन्यु, स्वास्थ्य कर्मी अजरा निगार, रेशमी देवी, रोजी परवीन, प्रगति कुमारी, राहुल कुमार और पीआरओ राज कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए तीनों जिला परिषदों सुनीता देवी, गीता देवी, याशमीन निशा और प्रमुख फुलवा देवी ने भारत की पहली शिक्षका सावित्री बाई फुले के जयंती पर नापोकला पंचायत के इस्को गांव में गरीब जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं पुरुषों के बीच नीड़ फाउंडेशन के सहयोग से कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, गीता देवी, याशमीन निशा और प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि ठंड के मौसम में आदिवासी समुदाय के परिवारों को ये कंबल से राहत पहुंचाना था, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अत्यधिक ठंड से प्रभावित होते हैं। वंचित और जरूरतमंद समुदायों की मदद के लिए तत्पर है। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ,मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी एवं पश्चिमी जिला परिषद सदस्य याशमीन निशा , पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ,पंचम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बढ़ते ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की

# नि:सहाय व्यक्तियों को कंबल दें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में लगातार गिरावट हो रही है जिससे हजारीबाग जिला में भी शीतलहर, ठंड, कुहासा के प्रकोप बढ़ रही है। इसके आलोक में शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने जिले वासियों की सुरक्षा के लिए कई निर्देश जारी किये हैं। उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने अधीनस्थों को इन निर्देशों का अनुपालन सक्रियता से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने शीतलहर, ठंड की दृष्टि से सभी जगह विशेषकर ज्यादा संवेदनशील इलाको, नदियों, नालों, डैम के किनारे बसे गांव, सार्वजनिक स्थल यथा रैन बसेरा, अस्पताल परिसर, रेल, बस, रिक्शा पड़ाव, मुसाफिरखाना इत्यादि में अलाव का जलाया जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

शहरी क्षेत्रों में रिक्शा चालकों, दैनिक मजदूरों, असहायों, आवास विहीन और सदृश्य श्रेणी के ऐसे गरीब नि:सहाय व्यक्तियों के रहने हेतु रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था करने और जहां रैन बसेरा उपलब्ध न हों, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने, इस कार्य में गैर सरकारी संस्थाओं का सहयोग लेने, सभी रैन बसेरों, शरणस्थलों में अलाव, कंबल इत्यादि की समुचित व्यवस्था के साथ आम जनमानस की सूचना के लिए इसका प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है।

शीतलहर से प्रभावित जनता विशेषकर आवासहीन, गरीब, रिक्शाचालक, दिव्यांग, अतिवृद्ध, नि:सहाय व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार कम्बल का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने शीतलहर से बचाव के उपायों का आम जनता के बीच जागरूकता और बचाव हेतु प्रचार-प्रसार, विशेषकर स्कूल, कॉलेज, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से शहरी- ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शीतलहर से बचाव के उपाय के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के पम्पलेटों, समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, होर्डिंग और बैनर के माध्यम से भी जनता को अवगत कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कुहासे के दौरान नदियों डैम के आस-पास और पुल से लगी सड़कों पर विशेष ट्रैफिक निगरानी करने और पीसीआर वैन, हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर नि:सहाय और वृद्ध व्यक्तियों के ठंड से बचाव हेतु विशेष निगरानी बरतने का निर्देश जारी किया है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से ठंड से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन के निर्देशों का अनुपालन करने की अपील की है।

## सहायक समहारता सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बिरोहर टोला में किया कंबल वितरण



**दारू (आजाद सिपाही)।** सहायक समाहर्ता -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे भाप्रसे द्वारा शनिवार को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इरगा के बिरहोर टोला बड़वार में बिरहोर परिवारों को ठंड से बचाव हेतु कुल 60 कंबल का वितरण किया गया। लोंकेश बारेंगे ने बताया की बहुत जल्द और भी पंचायतो मे जाकर बेसहारा और गरीब परिवार के बूढ़े बुजुर्गो, दिव्यांगों और जरूरतमंदो के बीच ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जायेगा। वितरण के दौरान उपसमाहर्ता मोहम्मद हारुन रशीद, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महावीर यादव, पंचायत सचिव अनिल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रविंद्र कुमार, प्रखंड नाजिर विजय कुमार, प्रखंड समन्वयक रिंकू रविदास और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया परसाबाद निवासी एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सूरज सिंह (उम्र 36 वर्ष, पिता नागेश्वर सिंह) के रूप में हुई है।

## लायंस क्लब ने किया भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गयी। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, एमजेएफ संजय जायसवाल, दीनबंधु सिंह, डॉ एमके मंजुल, विजय वर्णवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## मांडू कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में बनाया जा रहा हाइटेक भवन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं की समस्याओं को देखते हुए करोड़ों की लागत से हाईटेक छात्रावास और क्लास रूम बनाया जा रहा है। यह निर्माण कार्य विद्यालय और छात्रावास भवन के ऊपर एलजीएफएस के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पैनल पर छत के ऊपर बनाया जा रहा है। बताया जाता है कि पैनल पर आधुनिक रुप से स्कूल क्लास रूम, छात्रावास, कंप्युटर क्लास समेत कई अलग अलग क्लास रूम बनाया जा रहा है। अभिकर्ता के द्वारा भवनों का निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। मालूम हो कि विद्यालय में करीब 650 छात्राएं पठन पाठन कर रहीं हैं। इसमें मांडू प्रखंड की 435 और चितरपुर प्रखंड की 235 छात्राएं शामिल हैं। स्कूल में छात्राओं के संख्या ज्यादा होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन्ही समस्याओं को देख सरकार द्वारा नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

## कानूनी सलाह की जानकारी लेने के लिए ग्रामीणों को किया गया प्रेरित



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर भ्रमण सह आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को महिला सशक्तीकरण, दिव्यांग सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही साथ 15100 टॉल फ्री नंबर पर कानूनी सलाह की जानकारी लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस मौके पर पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयु यादव, मिथलेश दास, अक्षय कुमार, अजय दास शामिल थें।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बैठक

**कुंदा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा ने प्रखंड के कर्मी और मुखिया के साथ बैठक किया। जिसमें 6 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुंदा प्रखंड से मईया सम्मान पेंशन योजना के तहत लाभ लेने वाले महिलाओं को नामकुम रांची भेजने का निर्देश दिया। हेमंत सोरेन का कार्यक्रम रांची नामकुम में मईया सम्मान पेंशन योजना के तहत झारखंड में निवास करने वाले महिलाओं के बैक खाते में 6 जनवरी को पेंशन का पैसा भेजा जायेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, जई विकास यादव, कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, सिकीदाग मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, बोधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, मरगड़ा मुखिया उपेंद्र पासवान के अलावा सभी प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### प्रेस क्लब रामगढ़ के भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

# क्लब का सराहनीय कार्य, एक एक सदस्य बधाई के पात्र: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में क्लब परिसर में आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के द्वारा शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरू और सचिव धनेश्वर प्रसाद के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव ब्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारणी सदस्य रितेश कश्यप, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह आदि के द्वारा आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों और कर्मियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि और क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




**एसपी ने करायी जांच**

**इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शिविर में शामिल होकर। खुद आंख जांच कराया। जिसके बाद क्लब के पदाधिकारियों से पत्रकारों के बेहतरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता करे, जनहित के मुद्दों को पटल पर निष्पक्षता से रखें। पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर हमेशा तैयार है।**

**प्रेस क्लब का कार्य सराहनीय, नयी उचाई को छुए क्लब :** मौके पर मुख्य अतिथि अजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के द्वारा इस शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में इसी तरह के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र के तीन स्तंभ अपने अपने कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार चौथा स्तंभ जिसे पत्रकार कहा जाता है उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

इन्होंने किया शिविर को सफल कार्यक्रम को सफल बनाने में आंख जांच के लिए इरिस हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ रोशन कुमार मार्केटिंग मैनेजर गौतम रवानी और ऑर्किड हॉस्पिटल से डॉक्टर मारुति नंदन और सिस्टर स्वाति और साथी ने अहम योगदान दिया। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले उनके टीम लीडर एमडी काशिफ अख्तर की भी भूमिका अहम रही।

मौके पर नीरज अमिताभ, अमित सिन्हा, तरुण बागी, अशोक मेहता, ज्योति सिन्हा, उमेश सिन्हा, झूलन अग्रवाल, संजय शुक्ला अनिल विश्वकर्मा, अवध किशोर शर्मा, दीपक कुमार साहू, अरविंद वर्मा, कार्तिक कुमार, विनीत शर्मा, दिनेश कुमार, आशीष कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, अंकित कुमार, पंकज सोनी, राकेश कुमार, सतीश सिंह, अजय कुमार सिंह, हीरा सिंह, आरिफ कुरैशी आदि पत्रकार मौजूद रहे। इनके साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी के अनूप कुमार, मनोज मंडल, प्रोफेसर डॉक्टर संजय सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीसी के आदेश पर अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर डीसी चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कुज्जू ओपी अंतर्गत ग्राम बोंगाबार के पास दो ट्रैक्टर बालू लोड कर ले जाते हुए पाया गया। गश्ती दल द्वारा दोनों ट्रैक्टर चालको से जांच के क्रम में बालू संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। दोनों ट्रैक्टरों में अवैध बालू परिवहन किया जा रहा था। ट्रैक्टर संख्या JH18H1671 है। वहीं दूसरी वाहन संख्या पावर ट्रैकर 434 ब्लू रंग का ट्रैक्टर संख्या B3169037 और बासल थाना क्षेत्र में संध्या गस्ती के क्रम में जयनगर पतरातू की ओर से अवैध बालू लोड लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जिसका संख्या RKJ2DBN 0309 पर अवैध बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त तीनों ट्रैक्टरों के जांच पड़ताल किया गया परंतु बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया। जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक और अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन और खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 तहत जिला खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।



# ओरला पंचायत में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला

**ओरला मुखिया पति से जान माल की सुरक्षा को लेकर पीड़ित ने डीसी और एसपी को दिया आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओरला पंचायत में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को उजागर करने पर मुखिया पति द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ओरला निवासी टारजन मुंडा पिता स्व रामधन मुंडा ने एसपी और डीसी को आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। आवेदन में पीड़ित टारजन मुंडा ने कहा है कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को लेकर गत 14 दिसंबर को प्रेस वालों को दिये गये बयान से नाराज ओरला पंचायत के मुखिया पति निर्मल करमाली पिता स्व हरि करमाली ने मुझे तीन जनवरी को अपने घर पर बुलाया। जहां उनकी उपस्थिति में लखदेव करमाली पिता वंशी करमाली और विकास करमाली पिता स्व विनोद करमाली और अन्य 8 से 10 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और मुझे प्रेस में दिये गये बयान को वापस लेने की धमकी दी गयी। अन्यथा सर काट कर ले जाने की चेतावनी दी। बाद में 4 जनवरी को मुखिया पति अपने साथ अन्य 60 लोगों को लेकर मेरे घर पर आकर मुझे फिर से वही बात को लेकर धमकाया गया। उन्होंने डीसी और एसपी से जान माल की सुरक्षा करते हुए मारपीट करने और धमकाने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि उन्होंने कुजू ओपी पुलिस को भी दिया है।



## विधायक ने ग्रामीणों के बीच बांटे बीज

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड के कोईया गांव में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन वितरण और फसल विस्तार योजना के तहत शतप्रतिशत अनुदान पर बीज का वितरण किया गया। इसका वितरण स्थानीय विधायक ममता देवी ने किया। विधायक के द्वारा दर्जनों किसानों के बीच में गेहूं, सरसों, मक्का और अन्य बीजों का वितरण किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मौसम के आधार पर हर हाल में किसानों को बीज मुहैया कराया जा रहा है। हमारी सरकार किसानों के प्रति कटिबद्ध है। किसानों के समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। मौके पर जिप सदस्य जलेश्वर महतो, बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, संतोष सोनी, कमाल शहजादा, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, मानिक पटेल, अनिल कुमार, पंसस सदस्य सुशीला देवी, उप मुखिया रूबी देवी, छोटू इस्लाम, मंटू महतो, शक्ति मुंडा, लखेश्वर महतो, महेश महतो, बचनू महतो, रामचरण महतो, विनोद महतो, विवेक कुमार, सगीर अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## टुसु मेला सह गंगा मैया पूजा का आयोजन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी में प्रत्येक वर्ष की भांति 2025 के नये साल भी होन्हे पंचायत अंतर्गत मालाशिली टुंगरी में मकरसंक्रांति पर्व पर 15 जनवरी को भव्य गंगा मैया पूजन और टुसु मेला महोत्सव का आयोजन को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक मुखिया राजीव मेहता की अध्यक्षता में रखी गयी। इस बैठक में संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मन्सु महतो, सचिव जितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष तुलसी महतो, उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, उप सचिव छोटेलाल महतो को चुना गया। इसके अलावा संरक्षक हेतु राजीव मेहता, बिहारी महतो, गजेंद्र चौधरी, बालकृष्ण ओहदार, बलराम महतो, किलश महतो, विजय महतो, रामविलाश महतो, प्रकाश रंजन, बैजनाथ ओहदार का चयन किया गया। बैठक में होन्हे, कुम्हिया टांड, विरहोंहे और बोंगासौरी के अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने बांटे कंबल



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** गरसुला पंचायत के गरसुला शिखर बेड़ा टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने कपकपाती ठंड को देखते हुए सौ जरूरतमंद महिलाओं और बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचाने का काम किया। उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले, ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो, इसका भी ध्यान आप रखें। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, शत्रुधन सिंह उपस्थित थे। कंबल वितरण में तेतरी देवी, सोमरी देवी, धगनी देवी, राजो देवी, सरवा देवी, शारदा देवी, आरती देवी, कविता देवी, रीना देवी, हिना देवी, बसंती देवी, अखिलेश बेदिया, प्रभु बेदिया, रघुनाथ बेदिया बहादुर मांझी, गणेश कुमार, राज कुमार, बबलू कुमार, मकुज बेदिया, सुरेश गंझू, शंकर करमाली सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## पासवान कल्याण समिति ने वित्त मंत्री से की मुलाकात



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पासवान कल्याण समिति पतरातू के प्रतिनिधियों ने शनिवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। साथ ही समिति प्रतिनिधियों की ओर से बुके भेंट कर स्वागत किया। जिसका नेतृत्व राज कुमार पासवान ने की। इस दौरान उन्होंने 10 जनवरी को पतरातू डैम परिसर में आयोजित पासवान कल्याण समिति के द्वारा वन भोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए पतरातू आने के लिए अपनी सहमति दी है।

## प्राचीन शिव मंदिर का किया जा रहा है जीर्णोद्धार



**गोला (आजाद सिपाही)।** बाबू दुर्गा मंदिर गोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मंदिर का जीर्णोद्धार करा रहे कुंवर कुमार बक्सी ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर काफी जर्जर हो गयी थी। मंदिर के दीवार पर पीपल का बहुत बड़ा पेड़ उग गया था। पेड़ का जड़ दीवार के चारों ओर फैल गया था। जिससे मंदिर की अवस्था गिरने जैसी हो गयी थी। स्थानीय बक्सी परिवार ने आगे आकर इस मंदिर का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया और मंदिर की मरम्मति शुरू की गयी। उल्लेखनीय है कि मंदिर काफी प्राचीन है और मंदिर के अंदर दीवार पर देवी दुर्गा की प्रतिमा गढ़ा हुआ है। साथ ही शिवलिंग भी स्थापित है। मंदिर में प्रतिदिन पूजा होती है। यहां श्रद्धालुओं की आस्था जुडी हुई है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 581 date 28.12.2024, I, GUNJAVA DEVI W/O- Basant Ravidas, Aged about 42 years, resident of Vill- Belatand, Post+PS-Gomia, Distt- Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my correct and real name is GUNJAVA DEVI which has been mentioned in my Aadhar card vide Aadhar No. 6050 1482 3459 and in my Pan Card vide Pan No.- IYKPD29918. 3. That, in my Bank Passbook of Bank of India, GOMIA Branch vide Account No. 481110110001635 my name has been mentioned as GUJMA DEVI. 4. That, GUNJAVA DEVI and GUJMA DEVI is same and only one person that is myself. 5. That, I want to correct or rectify my name in my aforesaid bank account as GUNJAVA DEVI in place of GUJMA DEVI. 6. That, I am swearing this affidavit to file it before authority concern for needful purpose. 7. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also


### प्रमंडलीय आयुक्त ने की राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य कार्यों की समीक्षा

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को चतरा समाहरणालय के सभा कक्ष में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। उनके आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से ई-कोर्ट, दाखिल खारिज के लंबित मामले और भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों का मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गयी और कई आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को न्यूनतम 30 दिन और 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं भू-अर्जन विभाग की समीक्षा के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दिया कि भारतमाला परियोजना जिले के चार अंचल हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा और सिमरिया से होकर गुजर रहा है। जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गयी 157 करोड़ की भूमि का भुगतान में लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान के लिए तीव्र गति से कार्रवाई की जा रही है और विवादित भूमि के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूर्व की बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया - शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये गये। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद विभाग, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गयी कार्रवाई का जानकारी लिया। उन्होंन सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। परियोजना क्षेत्र में चलने वाले कोल लोड वाहनों पर तिरपाल ढकने को लेकर औचक जांच अभियान चलाने और बिना तिरपाल ढका हुआ लोड वाहनों के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई करने, नदी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले वाहन, वाहन चालक और संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को औचक छापेमारी और जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।




**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**NOTICE INVITING TENDER**

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi invites tenders under two bid system (Technical Bid and Financial Bid), from experienced and reputed contractor /firms / agencies / companies only for various Civil Works (Repair and Renovation Works) & Electrical Works in Various Departments mentioned below:

| Tender No. | Tender Name |
|---|---|
| DSPMU/G/06/25 | Renovation of Rear Corridor of Jacob Hall at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/07/25 | Repair & Renovation of Office Toilet in Dept. of Sociology, Boys Toilet in Dept of Chemistry and Girls Common Room at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/08/25 | Repair and Renovation (Civil & Electrical) works in Dept. of Botany at DSPMU Ranchi. |
| DSPMU/G/09/25 | Construction of Drain near Dept of Zoology at DSPMU Ranchi. |

The above-mentioned Tender Documents will be published in the University website from 05.01.2025 at 04:00 PM. Last Date & Time for submission of Tender Documents is 16.01.2025 till 01:00 PM

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website: - www.dspmuranchi.ac.in.

Memo No. : DSPMU/G/10/25
Date : 04.01.2025

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi.

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# कनाडा नहीं, भारत में रोजगार का अवसर

कई सालों से पंजाबियों के लिए उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार के अवसरों का केंद्र रहा कनाडा अब संकट में है। कई चुनौतियों का सामना कर रहे कनाडा में आर्थिक और सामाजिक संकट के कारण वहां भारतीय छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे पढ़े-लिखे युवाओं में से कई ड्रग्स माफिया के चंगुल में फंसे हैं। हालांकि इस संकट ने भारत के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत किया है। यह समय है जब भारत अपनी युवा वर्कफोर्स को हुनरमंद बना कर उनकी क्षमता का उपयोग देश में ही करे। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़े युवा कार्यबल में 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। इस युवा और ऊर्जावान कार्यबल के दम पर भारत के लिए एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में उभरने का अवसर है। भारत की यह युवा शक्ति न केवल घरेलू बाजार की मांगों को पूरा कर सकती है, बल्कि कनाडा से परे वैश्विक स्तर पर भी भारतीय युवाओं की अहम भूमिका हो सकती है। इस क्षमता का पूरी तरह से उपयोग तभी हो सकता है, जब हम अपने युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड के मुताबिक स्किल डिवैल्पमैंट के जरिए तैयार करें। भारत के युवाओं में उत्साह और प्रेरणा है, लेकिन कई बार उनके पास उस उत्साह को सही दिशा देने के लिए आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण की कमी होती है। इस कमी को दूर करने के लिए हमें कौशल विकास पर जोर देना होगा। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, जहां वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है, जैसे कि इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी, ब्यूटी-वैलनेस, ट्रांसपोर्टेशन और रिटेल। कनाडियन ब्यूरो फार इंटरनेशनल एजुकेशन के मुताबिक इस समय 3 लाख से अधिक भारतीय छात्र कनाडा में पढ़ रहे हैं। कनाडा के हालिया संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कनाडा से परे यूरोप, ताईवान और वियतनाम जैसे देशों में भी कुशल कामकाजी लोगों की आवश्यकता बढ़ रही है। भारत इस अवसर का लाभ ले सकता है बशर्ते हमें अपने युवाओं के लिए स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम इन देशों की जरूरतों के अनुसार बनाने होंगे। भारत सरकार ने पहले ही स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और नेशनल स्किल डिवैल्पमेंट मिशन जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की है। ये कदम भारत के कौशल विकास के प्रयासों को एक ठोस दिशा प्रदान करते पर इन्हें वैश्विक मानकों के अनुरूप और अधिक विस्तारित करने की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि प्राइवेट सेक्टर भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम तैयार करे, ताकि भारतीय वर्कफोर्स को वैश्विक मान्यता प्राप्त हो सके। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और शैक्षिक संस्थानों के साथ सांझेदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है। यह कदम न केवल कौशल विकास में मदद करेगा, बल्कि भारत के दूरदराज के इलाकों तक भी रोजगार के अवसर पहुंचायेगा।


**भारत सरकार ने पहले ही स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और नेशनल स्किल डिवैल्पमेंट मिशन जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की है। ये कदम भारत के कौशल विकास के प्रयासों को एक ठोस दिशा प्रदान करते पर इन्हें वैश्विक मानकों के अनुरूप और अधिक विस्तारित करने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीवन को समझने के दौरान हम प्रायः परीक्षा के दौर से ही गुजरते है, चाहे दुख हो या सुख। जीवन एक अनवरत यात्रा है, जो तरल है और इस दौरान हम चेतनाशून्य ही होते हैं। बस क्रियाशीलता का सार्थक जीवन के लिए पीड़ा आवश्यक है, लेकिन हम किसी पड़ाव पर नहीं होते है, वरन दो पड़ाव के बीच भागते हैं। हमारा जीवन ही संभावनाओं का एक निरंतर बदलता हुआ तारामंडल है। चूंकि जीवन किसी भी स्थिति में अर्थ खोजता है। कोई दुख में अर्थ खोजता है, तो कोई सुख की खोज में भटकता रह जाता है।**

5 जनवरी
परमहंस योगानंद जयंती

# मानव का शाश्वत सुख की खोज



डॉ मयंक मुरारी



जीवन में हम क्या चाहते है? यह पता नहीं है। आप किसी से पूछिए। ज्यादा देर तक बात कीजिए। उसके भीतर से कुछ निकलने लगेगा। एक डॉक्टर गायक होना चाहता है। एक प्रोफेसर पत्रकार बनना चाहता है। एक लेखक किसान बनना चाहता है। कोई सुख में बेचैन है, तो कोई दुख से हताश है। उत्सव भी किसी के लिए परेशानी का सबब है। हरेक आदमी की आत्मा दुखी है, असंतुष्ट है और भागा जा रहा है। आखिर वह क्या है, जिसे हम सब पाना चाहते है? एक खास तरह की खोज जिसमें सारी बेचैन आत्मा लगी रहती है, वह क्या है? जीवन को समझने के दौरान हम प्रायः परीक्षा के दौर से ही गुजरते है, चाहे दुख हो या सुख। जीवन एक अनवरत यात्रा है, जो तरल है और इस दौरान हम चेतनाशून्य ही होते हैं। बस क्रियाशीलता का सार्थक जीवन के लिए पीड़ा आवश्यक है, लेकिन हम किसी पड़ाव पर नहीं होते है, वरन दो पड़ाव के बीच भागते हैं। हमारा जीवन ही संभावनाओं का एक निरंतर बदलता हुआ तारामंडल है। चूंकि जीवन किसी भी स्थिति में अर्थ खोजता है। कोई दुख में अर्थ खोजता है, तो कोई सुख की खोज में भटकता रह जाता है। जब हम जीवन में अर्थ की खोज करते है, तो वह अनेक अर्थों की एक भीड़ होती है। ऐसे में सवाल होता है कि मानव जाति कुछ और जिसकी खोज में व्याकुल है, जहां जीवन की खोज का ठहराव है। वह असीम खोज क्या है, जहां सुख का, दुख का या किसी भी द्वैत की प्राप्ति भी गौण हो जाती है। परमहंस योगानंदजी ने एक किताब लिखी- मैन इटरनल क्वेस्ट यानी मानव की निरंतर खोज। इसमें वह कहते है कि कुछ और क्या है? जिसको प्राप्त कर आत्मा पूर्ण हो जाती है। वह कुछ और केवल ईश्वर है, उसके अलावा और कुछ नहीं है। उन सभी व्यक्तियों के लिए जिन्होंने कभी जीवन के रहस्यों को समझने का प्रयास किया है, उन जिज्ञासुओं के लिए जिन्होंने अपनी खोज में दिव्यता को लक्ष्य बनाया है, उन सभी के लिए ईश्वर ही अनंत एवं संपूर्ण सुख या लक्ष्य है। ईश्वर के साथ संवाद ही जीवन जीने का एकमात्र तरीका है। अंततः उस समझ तक पहुंचना होगा। हम अक्सर बहुत कष्ट सहने के बाद जीवन के उत्तरार्द्ध में उस तक पहुंचते हैं। इसलिए ईश्वर से संवाद क्यों न अभी सीख लें ? योगानंद जी कहते है कि वे हमारा स्वागत करने के लिए तैयार है, क्या हम तैयार है?

**ईश्वर अनंत है, तो उसको अनंतता में ही जानना ज्ञान है।**

ईश्वर अनंत है, तो उसको अनंतता में ही जानना ज्ञान है। एक कथा है कि एक छोटा सा बच्चा ईश्वर से मिलना चाहता था। उसने प्रार्थना की, ईश्वर मुझसे बात करो। एक चिड़िया चहचाहती हुई आयी, लेकिन उसने नहीं सुना। उसने फिर प्रार्थना की, ईश्वर से कहा कि मुझसे बात करो। तब आकाश में तुफान गर्जना हुई, लेकिन बच्चे ने फिर ध्यान नहीं दिया। तब बच्चा ने कहा- ईश्वर मैं आपको देखना चाहता हूं। आकाश में एक सितारा चमका, लेकिन बच्चे का ध्यान दूसरी ओर था। अब बच्चा चिड़चिड़ा गया। वह चिल्लाया। ईश्वर, आप मुझे कोई चमत्कार दिखाइए। अचानक उसके सामने एक गिलहरी आयी, लेकिन इस बात को भी वह जान नहीं सका। अब बच्चा थक चुका था, उसने रोते हुए कहा- भगवान आप मुझे छुएं, ताकि मुझे पता लगे कि आप यहां है। तब ईश्वर नीचे पहुंचे और उन्होने बच्चे को छुआ, लेकिन बच्चा हाथ पर बैठी तितली को भागाने में लग गया और उसके भाग जाने पर वह भी अपने घर की ओर मुड़ गया। सार यह है कि इस अस्तित्व में ईश्वर हरेक पल हमारे पास विभिन्न रूपों एवं आयामों में हमारे समक्ष आते हैं, लेकिन हम उनको पहचान नहीं पाते हैं।

परमहंस योगानंदजी की दूसरी किताब है- जर्नी टू सेल्फ रियलाइजेशन। इसमें गुरुदेव बताते है कि हम अपने भीतर और पूरे जीवन में दिव्य उपस्थिति को कैसे अनुभव कर सकते हैं। इसको हम न केवल एक क्षणिक प्रेरणा के रूप में, बल्कि एक निरंतर आंतरिक बोध के रूप में भी महसूस कर सकते हैं। इसको पढ़ते हुए पॉलो कोएलो की मशहुर किताब द जाहिर याद आता है। इसका नायक अपने नायिका को कहता है कि एक खास तरह की खोज के लिए इस धरती पर बेचैन आत्माएं लगी रहती है। आखिर वह क्या है? जिसे हम सब पाना चाहते हैं? फिर वह जवाब देता है कि हमें दुबारा अपनी ही खोज करने की जरूरी जान पड़ती है। इसी बात को योगानंद बताते है कि भारतीय ऋषियों ने हजारों साल पहले यह जान लिया था कि भौतिक जीवन में भौतिक सुख से अनंतता का सुख नहीं मिल सकता। अपने भीतर देखें। स्मरण रखें कि अनंत ईश्वर सर्वत्र है। यह मान लेना कि हम केवल एक नश्वर शरीर है, उस ईश्वर का अपमान है।

श्रेष्ठता का जीवन सुख खोजने जैसा नहीं है। जीवन का अर्थ हमारी खुशहाली में नहीं है। यह हमारी अंतर्दृष्टि है जो बताती है कि हमें अपना जीवन कैसे जीना चाहिए। दूसरा भावना के स्तर पर मस्तिष्क की सोच अहम है। जब हम इन दोनों अंतर्ज्ञान और भावनाओं के साथ जीवन के अर्थ के बारे में सोचते हैं तो एक अलग दृष्टिकोण मिलता है। हमको भावनाओं को गंभीरता से लेने के बदले मस्तिष्क की प्रकृति को गंभीरता से लेना है। जब हम ऐसा करते है तो हरेक स्मृति, घटना और क्रिया में देवत्व की अनुभूति होती है। हम पत्थर को छूते है, तो ईश्वर का एहसास पाते है, नदी के जल का स्पर्श करते है, तो कोई देवत्व की स्मृति जुड़ती है, पहाड़ पर चढ़ते है, तो उसकी असीमता का बोध होता है। हमारे जीवन की यात्रा एक तीर्थयात्रा में बदल जाती है। भावनाओं को घटनाओं में बदलने का काम मस्तिष्क और उसको एक शाश्वतता का बोध हमारी अंतर्दृष्टि देती है।

जटिल प्रश्न यह है कि हमें भगवान की सर्वव्यापकता और शाश्वतता पर प्रह्लाद की तरह अटूट विश्वास कैसे हो सकता है? एक कथा है, जिसमें हम भगवान की सर्वोपस्थिति को जान सकते हैं। बाल भक्त प्रह्लाद को भगवान विष्णु पर अत्यधिक विश्वास था। प्रह्लाद की भक्ति ने उसके पिता राक्षस राजा हिरण्यकशिपु को इतना क्रोधित कर दिया कि प्रह्लाद को मारने के अनेकों प्रयास किये गये। प्रह्लाद को होलिका की गोद में बैठाया गया और आग लगायी गयी। होलिका को वरदान था कि आग उसे नहीं जला सकती। वहां बैठे प्रह्लाद ने कहा कि पूर्णतम परमेश्वर श्रीविष्णु अपनी सृष्टि के प्रत्येक परमाणु में हैं। वह इस अग्नि में व्याप्त हैं। मुझे ऐसा महसूस हो रहा है, मानो मेरे ऊपर कमल के फूल की चादर बिछ गयी हो। परिणाम यह हुआ कि होलिका जल गयी और प्रह्लाद सुरक्षित बाहर आ गए। जीवन के सारे कला-कौशलों की भांति, विश्वास भी अभ्यास के माध्यम से ही दृढ़ होता है। ईश्वर को बारम्बार हम अपने चेतन मन में लाकर भगवान के सर्वत्र उपस्थित होने का अभ्यास कर सकते हैं। यह सोचना है कि परमात्मा सदैव साथ है।

जीवन की खोज उस यात्रा में है, जो सदैव गतिमान है। इस गति के साथ होने में ही शाश्वतता का बोध है।

विश्व प्रसिद्ध किताब द अलकेमिस्ट का सैंटियागो नामक एक युवा चारवाहा सपनों को पूरा करने के लिए अपने देश स्पेन से ईजिप्ट की लंबी रेगिस्तान की यात्रा करता है। उसकी यात्रा धन की खोज से शुरू होती है। फिर दिल की बात सुनने, अवसर को पहचानने, जीवन के पथ पर बिखरे संकेतों का अनुसरण करने से होकर बढ़ती है। अपनी यात्रा में वह सीखता है कि ईश्वर की आत्मा उसकी अपनी आत्मा है। सांसारिक खोज से शुरू हुई यात्रा का समापन दैवीय अनुभूति की अनंनतता में होती है। मनुष्य सदैव अपने लिए सुरक्षित और असीमित जीवन चाहता है, जहां सुख और आनंद की पराकाष्ठा हो, लेकिन वह हमारा अंतिम गंतव्य नहीं हो सकता है। दुनिया में मनुष्य की यात्रा अंततः मृत्यु की ओर ले जाती है।

एकमात्र ईश्वर में खुशी ही हमारे जीवन को शाश्वतता प्रदान कर सकती है। बाकि अन्य भौतिक या जीवन की खुशी या दुख का अंत होता है या चलता रहता है। किसी अन्य में शाश्वतता का बोध संभव ही नहीं है, तो ईश्वरीय अनुभूति या दैवत्व में होने का अर्थ हमारे लिए क्या है ? इसका तात्पर्य है कि उसकी विविध श्रेष्ठताओं को देखना ताकि अस्तित्व के साथ हमारा एक समृद्ध रिश्ता बन सके। उसके साथ हमारा रिश्ता रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा होना चाहिए। इस अस्तित्व के हरेक चीज, घटना और परिणाम में उसी देवत्व की उपस्थिति को महसूस करना। एक पल रूक कर उसको स्मरण करना तथा अपनी श्रद्धा निवेदित करना होता है। हमारा सुख हमारे विश्वास में है और ईश्वर पर दृढ़ता पूर्वक निर्भर रहने से यह विश्वास अडिग होता है। हमारे जीवन के सभी चरणों में हमारा ईश्वर हमारे लिए सर्वोत्तम चाहता है।

**(लेखक : विचारक और लेखक है।)**

## देश-विदेश की खबरें

# जम्मू-कश्मीर में सेना का ट्रक खाई में गिरा, 4 जवानों की मौत, 2 गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गयी। 2 जवान गंभीर घायल हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुल 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। यहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिरा।

घटना पर सेना ने बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी। इस कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा।

# तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, झुलसकर 6 की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को हुए भीषण विस्फोट ने एक बार फिर से जानलेवा हादसे की याद दिला दी। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य लापता हैं। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी, जिसमें कई मजदूर झुलस गये। आग की चपेट में आये लोगों की तलाश के लिए फायर ब्रिगेड का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरी फैक्ट्री भरभराकर गिर गयी और घटना स्थल पर चारों तरफ मलबा फैल गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि धमाका संभवतः विस्फोटक केमिकल मिलाने के दौरान हुआ। जिस कमरे में धमाका हुआ, वह पूरी तरह जलकर राख हो गया। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के गांवों के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गये। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन घटनास्थल पर सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी सामने आयी है।

इससे पहले भी विरुधुनगर जिले में पटाखा फैक्ट्रियों में दो बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें 14 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें 12 महिलाएं भी शामिल थीं। ये हादसे रंगापलयम इलाके की पटाखा फैक्ट्रियों में हुए थे।

# पीथमपुर में रामकी फैक्ट्री पर पथराव, वाहनों के कांच फोड़े



आजाद सिपाही संवाददाता

**पीथमपुर।** मध्य प्रदेश के पीथमपुर जिले में रामकी एनवायरो इंडस्ट्रीज की फैक्ट्री पर लोगों ने पथराव कर दिया, बताया जा रहा है कि तारापुर गांव के लोगों ने यह पथराव किया है और फैक्ट्री की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के वाहन के कांच भी टूट गये हैं, इसके बाद पुलिस ने लोगों को फैक्ट्री के पास से हटाया एसडीएम प्रमोद कुमार गुर्जर मौके पर मौजूद हैं। वहीं शुक्रवार को बंद के दौरान हुए प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किये हैं। शनिवार सुबह करीब 10:00 बजे पथराव किया गया आपको बता दें कि पुलिस ने तुरंत ही मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों को फैक्ट्री के पास से हटा दिया, कंपनी के बगल में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में कंपनी गेट के सामने पहुंच गए थे भारी पुलिस बल अभी मौके पर मौजूद है।

# माइक जॉनसन बने यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के स्पीकर

**100 साल में सबसे कम बहुमत से जीता स्पीकर का चुनाव, ट्रंप ने दी बधाई**

एजेंसी



वॉशिंगटन। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में शुक्रवार को रिपब्लिकन सांसद माइक जॉनसन को फिर से स्पीकर चुन लिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक स्पीकर बनने के लिए 218 जरूरी होते हैं। जॉनसन को इतने ही वोट मिले। जानकारी के मुताबिक पिछले 100 साल में किसी भी स्पीकर को मिला यह सबसे कम बहुमत है।

जॉनसन को नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी सपोर्ट हासिल था। हालांकि ट्रम्प के सपोर्ट के बाद भी उन्हें जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वोटिंग की शुरूआत में उनकी रिपब्लिकन पार्टी के ही 3 सांसदों ने उनका सपोर्ट करने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद जॉनसन ने बहुमत हासिल करने के लिए 45 मिनट तक लॉबिंग की। तब जाकर उन्हें 2 रिपब्लिकन सांसदों का सपोर्ट मिला, जिससे वो बहुमत हासिल कर पाए। लुइसियाना से सांसद माइक जॉनसन को 2023 में भी इसी हाउस का स्पीकर चुना गया था।

**ट्रंप बोले- माइक ग्रेट स्पीकर होंगे**

जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने जॉनसन को बधाई दी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि कांग्रेस में बहुमत हासिल करने के लिए स्पीकर माइक जॉनसन को बधाई। माइक एक ग्रेट स्पीकर होंगे, जिससे हमारे देश को बहुत फायदा होगा। अमेरिकी लोगों ने 4 साल तक इस कॉमन सेंस, पावर और लीडरशिप का इंतजार किया है।

**जॉनसन का रिपब्लिकन पार्टी में ही हुआ विरोध**

अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में रिपब्लिकन पार्टी 220 सीटों के साथ बहुमत में है। हालांकि शुक्रवार को जब स्पीकर पद के लिए वोटिंग शुरू हुई तो रिपब्लिकन्स का बहुमत 219 पर आ गया था, क्योंकि फ्लोरिडा के पूर्व रिपब्लिकन सांसद मैट गेट्ज ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में न लौटने का फैसला किया।


# कोहरा की वजह से दिल्ली कोलकाता एयरपोर्ट पर 295 फ्लाइट लेट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली विजिबिलिटी घटकर जीरो मीटर तक पहुंच गयी है। इस कारण कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं। अकेले दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह 255 फ्लाइट्स निर्धारित समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। 43 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। कोलकाता एयरपोर्ट पर भी 40 फ्लाइट्स लेट हुईं, वहीं, 5 कैंसिल कर दी गयी। चंडीगढ़, अमृतसर और आगरा एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट्स प्रभावित हुईं।

# अमित शाह ने सुषमा भवन का किया उद्घाटन 500 कामकाजी महिलाओं को मिला आश्रय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कामकाजी महिलाओं के लिए नये छात्रावास ब्लॉक सुषमा भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुषमा जी को हमेशा पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया जायेगा। भारत के राजनीतिक इतिहास में वे उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री रहीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में। लेकिन उन्हें केवल मंत्री के रूप में नहीं बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला।



**अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनवाया**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आप नेता अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला कहा कि कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आये। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया? उनमें से एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है। जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आये थे, तो कहते थे कि वे सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे, आज उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसों से शीश महल बनवाया है।

## बाइक दुर्घटना में व्यवसायी अजय प्रसाद गुप्ता घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। शुक्रवार की देर शाम बाइक दुर्घटना में व्यवसायी अजय कुमार गुप्ता घायल हो गये, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर किया। खबर के अनुसार अजय गुप्ता भवनाथपुर टाउनशिप रोड में पिलुआहि महुआ के समीप बाइक दुर्घटना में घायल हो गये। दुर्घटना के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा घायल को रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि इनका जबड़ा टूट गया है। घटना की जानकारी मिलते ही रौनियार वैश्य समाज के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता अस्पताल पहुंच कर हाल-चाल ली। चिकित्सकों द्वारा घायल को रेफर किए जाने के बाद उनके परिजनों के साथ सुरेश गुप्ता स्वयं घायल को रांची डेंटल अस्पताल के लिए निकल पड़े।

# क्षेत्र से पलायन रोकना मेरी पहली प्राथमिकता : अनंत देव

**भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में करीब 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाली ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का विधायक अनंत प्रताप देव ने किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में भवन प्रमंडल विकास विभाग के तहत करीब 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाली ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़ने के बाद शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कराकर क्षेत्र के लोगों को एक बड़ी सुविधा झारखंड सरकार ने देने का काम किया है। कहा कि क्षेत्र के लोगों ने भवनाथपुर विस क्षेत्र में लगे वर्षों के कोढ़ को मिटाने का कार्य किया है। चुनाव में विधायक बनाकर आपने जो आशीर्वाद दिया है, उसे क्षेत्र के विकास में मैं एक-एक छोटे बड़े कार्य को धरातल पर उतारकर अपने वादे को पूरा करने का हर संभव प्रयासरत रहूंगा। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 6 जनवरी को रांची में कार्यक्रम आयोजित कर मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में एकमुश्त ढाई-ढाई हजार रुपये हस्तांतरित कर विरोधी पार्टी को करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आज भवनाथपुर में लगे सेल के क्रेशर प्लांट कटने लगा, जिसका ठीकरा मुझ पर फोड़ने लगे हैं, जबकि सेल भारत सरकार के अधीन है, लेकिन नीलामी प्रक्रिया रोकने तथा क्रेशर प्लांट को काटने से रोकवाने के लिए पूर्व विधायक सह भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने पहल नहीं की। विस क्षेत्र में रोजगार की साधन नहीं होने से दूसरे प्रदेशों में बाहर गये यहां के युवाओं की लाश आती रहती है, लेकिन क्षेत्र से पलायन रोकना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

वहीं जिपस रंजनी शर्मा ने कहा कि पहले अस्पताल का लैब एक छोटे कमरे में संचालित होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज विधायक अनंत प्रताप देव के पहल पर अस्पताल में एक बड़े बीपीएचयू का शिलान्यास कर स्थानीय सीएचसी और यहां के जनता को एक बड़ी सौगात देने का कार्य किया है। सभा को प्रमुख शोभा पाठक, सूर्यदेव राउत, ब्रजेश कुमार सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक वर्मा ने की। इस मौके पर संवेदक विनीत कुमार, प्रमुख पिंटू टोपनो, बबलू, पिंटू, मदन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

**7 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय के विरूद्ध बीडीओ को नोटिस दिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**क्या कहा प्रमुख ने :** जबकि इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने कहा कि उनकी लड़ाई पंचायत समिति सदस्यों से नहीं बल्कि स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह से है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत समिति सदस्यों को अपने पास रखकर विधायक ने अपनी गाड़ी से कांडी भेजा है और उन्हीं की गाड़ी से आवेदन देने के बाद सभी सदस्य वापस गये हैं। उन्होंने ही थाना में फोन करके पुलिस को बुलाया है। वह भी विधायक से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हैं।

**क्या कहते हैं विधायक :** इस संबंध में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रमुख की सारी बातें मनगढ़ंत एवं निराधार हैं। उनको इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सरासर झूठा आरोप लगाया है।

**कांडी।** स्थानीय प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष के विरुद्ध शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। इसे कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी के पास अग्रेसर कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया है। शनिवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र के 7 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय के विरुद्ध बीडीओ को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस सूचना को देने वालों में सरिता देवी, उषा देवी, अमरजीत ठाकुर, योगेंद्र बैठा, मनोज कुमार पासवान और फूलती देवी का नाम शामिल है। उनके प्रस्तावक खुटहेरिया पंचायत से पंचायत समिति सदस्य अभिनंदन शर्मा हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर विचार किये जाने के समय विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और दो निर्वाचित मुखिया जो बतौर पंचायत समिति सदस्य भाग लेते हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर पारित किये जाने को लेकर उपस्थित सदस्यों के तीन चौथाई सदस्यों की सहमति होनी चाहिए। अन्यथा अविश्वास प्रस्ताव गिर जायेगा।

## यातायात नियमों के पालन को लेकर राहगीरों को दिया गया गुलाब का फूल




गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा तथा कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल पथ निर्माण विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा माह, 2025 के तहत यातायात नियमों के पालन हेतु राहगीरों को दिया गया गुलाब का फूल। साथ ही उन सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियम के अनुरूप ही वाहन चलाने के लिए कहा गया और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेवार होने से सड़क दुर्घटना से बचाव का भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक विनय रंजन तिवारी, आईटी सहायक नीरज पांडेय और कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## वृद्ध असहायों के बीच कंबल का वितरण



केतार (आजाद सिपाही)। अचानक पारा गिरने से प्रखंड क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। ठंड के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार केतार प्रखंड के सभी पंचायतों में कंबल आवंटित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने सभी पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण कराना सुनिश्चित करें। बताते चलें कि जिला से 1218 कंबल प्राप्त हुआ था। जिसमें झामुमो प्रखंड अध्यक्ष 180, प्रखंड प्रमुख को 170, जिला परिषद सदस्य को 50 और प्रत्येक पंचायत को सौ- सौ कंबल और पाचाडूमर पंचायत को 110 कंबल उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव आदित्य कुमार, रोजगार सेवक दीपक जायसवाल, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, राजा, अशोक, संतोष, सुरजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांडी में भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को भाजपा मंडल की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता सह प्रभारी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी थे। शनिवार की बैठक में मुख्य रूप से मंडल के सभी बूथों पर सदस्यता अभियान चलाने की दिशा निर्देश बूथ अध्यक्षों व पार्टी कार्यकर्ताओं को दिये गये। बैठक में भोला मेहता, राजेंद्र प्रसाद, राम लखन चंद्रवंशी, राजू कुमार, ब्रज किशोर लाल, लल्लू साव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रामा साहू और गोविंद स्कूल ने अपने-अपने मैच जीते

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 19वें दिन सीएम ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को सात विकेट से हराकर क्वाटर फाईनल में प्रेवश किया, वहीं गोविंद हाई स्कूल ने बीएनटी को 64 रन से हराकर सेमी फाईनल में प्रेवश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के गोलु और रामा साहू के दिव्य प्रकाश को प्रदान किया। इस मौके पर अशोक कुमार दुबे ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति शिक्षा के साथ खेल को भी बढ़ावा देता है। कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भी बहुत कुछ कर सकते है।

# 'कॉफी विद एसडीएम' इस सप्ताह थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजन होंगे आमंत्रित सदस्य

**क्षेत्र के थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों से जुड़े विषयों को लेकर होगा संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** प्रशासन-नागरिक संवाद की दिशा में प्रयास के रूप में आरंभ किये गये एक घंटे के विशेष कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह ऐसे लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है जिनके बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। आगामी बुधवार पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच प्रस्तावित उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सदर अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे अभिभावकों से खुले रूप से अनुरोध किया जा रहा है जिनके परिवार या रिश्तेदारी का कोई सदस्य थैलेसीमिया से पीड़ित है। कार्यक्रम की इस पांचवीं कड़ी में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों से जुड़े किसी सामूहिक या निजी समस्या, शिकायत के साथ-साथ सुझावों को भी सुना जाएगा। साथ ही उनकी समस्याओं तथा सुझावों पर अमल करने हेतु प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी पहल की जायेगी।

कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के होस्ट अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि इस सप्ताह तकनीकी प्रकृति का विषय होने के कारण उक्त कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विभाग के संबंधित पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम की यह पांचवीं कड़ी है। अब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों, किसानों, व्यवसायियों एवं ऑटो रिक्शा चालकों के साथ चार अलग-अलग संवाद कार्यक्रम किये जा चुके हैं। आगामी बुधवार को आयोजित होने जा रहे इस विशेष कार्यक्रम में एसडीओ संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के संबंधित अभिभावकों से कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया है।

# सरयू चंद्रवंशी की पुण्यतिथि पर परिजनों ने बांटे कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक अनंत प्रताप देव गरीबों के बीच कंबल वितरण करते हुये।

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय निवासी रामसेवक प्रसाद व सुनील प्रसाद के द्वारा अपने स्वर्गीय सरयू प्रसाद चंद्रवंशी के पुण्यतिथि के अवसर पर 500 से अधिक कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अनंत प्रताप देव ने स्वर्गीय सरयू प्रसाद चंद्रवंशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गरीब सहयोग के बीच कंबल वितरण करते हुए कहा कि समाज सेवी रामसेवक प्रसाद और सुनील प्रसाद की और से विगत 26 वर्षों से यह पुण्य कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। मौके पर नागेंद्र सिंह, रोहित वर्मा, मुन्ना पासवान, प्रदीप सिंह, ललित किशोर, एसडी खान, राजीव सहित कई लोग मौजूद थे।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रमना।** अंबेडकर चेतना मंच के तत्वधान में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा दिये गये बयान के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध संसद भवन में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है जो काफी निंदनीय है। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से गृह मंत्री के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है वह पूरे देश को शर्मसार करने का काम किया गया हैं। अंबेडकर चेतना मंच के कई वक्ताओं ने गृह मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की। इस अवसर पर सचेकत रामचंद्र राम, हरिहर, अनिल, विजय, श्रवण, विनय पहाड़िया, महेश, संजय, अजय, लखन राम सहित कई लोग मौजूद थे। इसके पूर्व गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन सर्वेश्वरी चौक पर किया गया, तत्पश्चात पैदल मार्च करते प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हुआ।

## टंडवा पूजा प्रतिनिधियों ने डीसी के सामने समस्याओं को रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा में सभी पूजा समितियां अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। सभी पूजा समिति यह बताया कि टंडवा दानरो नदी पुल पर दोनों साइड लोहे का हाइट गैज (ब्रेकेटिंग) लगाया जा रहा है यह आम जनमानस के हित के लिए है, लेकिन पूजा त्यौहार जैसे रामनवमी पूजा दशहरा पूजा और मोहर्रम में इसी रास्ते से होते हुए गढ़वा शहर में प्रवेश करते हैं। समितियां ने बताया कि वह हाइट गैज को नट बोल्ट से फिट किया जाए जिससे त्यौहार में दो से तीन दिन पहले विभाग से अनुमति लेकर पूजा कमिटी उसे खोल सकें तथा त्योहार के बाद उसे फिर वापस वैसे लगा दें। उपायुक्त ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। साथ ही, प्रशासन ने यह अपील किया कि सभी पूजा अखाड़े मिलजुलकर शांति और भाईचारे के साथ त्योहारों का आयोजन करें। इस बैठक में जय मां शेरावाली संघ के संयोजन दौलत सोनी, अध्यक्ष सुनील कुमार जय भारत अखाड़ा के शुभम केशरी, रंजीत, जय मां वैष्णो संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार रामनवमी पूजा समिति के राजू गुप्ता और अन्य पूजा के प्रमुख अखाड़ों के पदाधिकारी उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार, खान एवं भूतत्व विभाग
जिला खनन कार्यालय, लातेहार।
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

The Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill 2024 का व्यापक प्रचार–प्रसार से संबंधित।

**आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Draft Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill 2024 के प्रारूप पर मंतव्य / सुझाव तथा व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए आम जनता का मंतव्य / सुझाव प्राप्त किया जाना है। उक्त के आलोक में NIC लातेहार जिला के बेबसाईट https://latehar.nic.in/notice/to-provide में Public Domain पर Draft Bill अपलोड किया गया है।

इच्छुक व्यक्ति NIC लातेहार के बेबसाईट पर अपलोड Draft Bill अपनामंतव्य / सुझाव देने हेतु कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अथवा मोबाईल नं0 – 07024264629 पर भी संपर्क स्थापित कर दिया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 343522 (Mines and Geology) 24-25 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)
झारखण्ड, सरकार
कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

आम सूचना

गुमला जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष– 2024–25 के विशेष पशुचिकित्सा शिविर योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में सभी प्रखण्डों के एक पंचायत में दिनांक– 10.01.2025 एवं 11.01.2025 को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को अधिक से अधिक शिविर स्थल में अपने पशुओं–पक्षियों की चिकित्सा, बध्यािकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। शिविर का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम / पदनाम / दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड– कामडारा | | | | |
| 1 | कामडारा | कामडारा | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 मधु कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कामडारा (9031079919) |
| प्रखण्ड– बसिया | | | | |
| 2 | कलिगा | कलिगा | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 सूर्यवंश ठाकुर प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बसिया (9431396407); डॉ0 रूपा लकड़ा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बसिया (9934163128) |
| प्रखण्ड– पालकोट | | | | |
| 3 | कोलेंग | कोलेंग | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 कविता बाला टुटी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, पालकोट (9709041400) |
| प्रखण्ड– डुमरी | | | | |
| 4 | डुमरी | डुमरी | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 रूपामनी मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| प्रखण्ड– जारी | | | | |
| 5 | शिशिकरमटोली | शिशिकरमटोली | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 रितु टोप्पो भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर (7541870696) |
| प्रखण्ड– बिशुनपुर | | | | |
| 6 | बिशुनपुर | बिशुनपुर | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 मीनू खलखो प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपूर (7739348172); डॉ0 लवलीन श्वेता खाखा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बिशुनपुर (6299670945) |
| प्रखण्ड– घाघरा | | | | |
| 7 | शिवराजपुर | शिवराजपुर | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 सीमा एक्का प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, घाघरा (9006087716); डॉ0 अरूण उराँव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| प्रखण्ड– सिसई | | | | |
| 8 | पंडरिया | पंडरिया | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 स्मृति तिर्की भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिसई (7294166795); डॉ0 अभिनव प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सिसई (993566365) |
| प्रखण्ड– भरनों | | | | |
| 9 | तुरीअम्बा | तुरीअम्बा | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 विजय भारती भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भरनों (9431393487); डॉ0 अमरेश नारायन सिन्हा प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भरनों (9430767353) |
| प्रखण्ड– गुमला | | | | |
| 10 | करौंदी | करौंदी | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 बबलु सुंडी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरकुण्डा। (7903659305); डॉ0 मयूर कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टोटो (7070118645) |
| प्रखण्ड– रायडीह | | | | |
| 11 | नावागढ़ | नावागढ़ | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 लतिका भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रायडीह (8789486303); डॉ0 रेखा टेरेसा कुजूर भ्र0 पशु0 पदाधिकारी, चेकपोस्ट, रायडीह (9431751860); डॉ0 तेज नारायण गुरू प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रायडीह (8002471594) |
| प्रखण्ड– चैनपुर | | | | |
| 12 | रामपुर | रामपुर | 10.01.2025–11.01.2025 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (9431326476) |

PR.NO.343559 Animal Husbandry(24-25):D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला।


# बगैर अनुमति ब्लास्टिंग मामले की डीएमओ और सीओ ने की जांच

**आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर का असर**

आजादी सिपाही संवाददाता


रमकंडा क्षेत्र के पुल निर्माण योजनाओं में बगैर अनुमति के की जा रही है ब्लास्टिंग

नदी के अवैध पत्थरों का हो रहा उपयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**टेढाकहुआ में विस्फोट मामले की भी जांच होगी: डीएमओ**

रकसी में जांच के बाद डीएमओ राजेंद्र उरांव ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर नियमसंगत कार्रवाई होगी। कहा कि टेढाकहुआ के पुल निर्माण में हो रहे विस्फोट के मामलों की भी जांच की जायेगी।

रकसी के हड़बड़िया नाला पर जांच करते सीओ और डीएमओ।



**रमकंडा।** गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती रमकंडा प्रखंड के चेटे स्थित हाठु नदी और रकसी के हड़बड़िया नाला पर बन रहे पुल निर्माण के लिए गड्ढों की खुदाई में बगैर अनुमति के ब्लास्टिंग होने के साथ ही घरों में दरार पड़ने की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव और रमकंडा के अंचल पदाधिकारी अनिल रविदास ने मामले की जांच की। उन्होंने रकसी गांव के हड़बड़िया नाला पर पहुंचकर मामलों की जांच की। वहीं जांच में बगैर अनुमति के विस्फोट किये जाने की पुष्टि हुई। इसके अलावे विस्फोट के झटकों से घरों के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान अंचल अधिकारी श्री रविदास ने संवेदक को ब्लास्टिंग नहीं करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ब्लास्टिंग कर निकाले गये पत्थर के उपयोग पर भी रोक लगायी है। उल्लेखनीय है कि बगैर अनुमति के पुल निर्माण में ब्लास्टिंग होने से घरों में दरारे पड़ गयी। वहीं अवैध खनन कर निकाले गये इन पत्थरों का उपयोग संवेदक की ओर से पुल निर्माण में किया जा रहा था, इससे खनन विभाग को राजस्व की क्षति हो रही थी। इससे संबंधित समाचार आजाद सिपाही में 31 दिसंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गयी थी। जिसके बाद डीएमओ और सीओ ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच की।

# मां ने सब्जी काटने वाली बैठी से की डेढ़ साल की बच्ची की हत्या

मां विक्षिप्त है या कोई बलि का मामला, पुलिस कर रही है जांच

**विकास साहू**

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से 10-12 किमी दूर आदर पंचायत का बड़ा अजियातु गांव। इस गांव में एक मां फूलमानी देवी ने अपनी कोख से जन्माई अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी की हत्या कर दी। हत्या भी की गयी तो सब्जी काटने वाले तेज धार बैठी से गला रेतकर।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। जबकि आरोपी मां फूलमानी देवी को पुलिस हिरासत में लेकर थाना चली आयी। अब घटना के बारे में दो तरह की चर्चा हो रही है। पहली चर्चा तो यह है कि हत्यारोपी मां अर्ध विक्षिप्त है। उसका इलाज रांची के किसी मानसिक रोग विशेषज्ञ से चल रहा था। इधर कुछ दिनों से किसी दुसरे डॉक्टर की दवा चल रही थी। लेकिन उसके पति का कहना भी अजीब है कि फिलहाल तो सब कुछ ठीक ही था मगर अचानक दिमाग खराब हो गया। अब पति के इसी बयान से लोगों को यह भी शक होने लगा कि कहीं हत्यारोपी मां की मानसिक स्थिति ठीक ही हो और यह मामला कहीं बलि से जुड़ा हुआ तो नहीं है।





घटना स्थल पर पूछताछ करती पुलिस और मृतक बच्ची का (फाइल फोटो)।

घटना के संबंध में मृतका बच्ची और आरोपी के पति कैलाश गोप ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वह घर में खाना बना रहा था। इसी क्रम में अपनी पत्नी फूलमानी देवी को बच्ची को गरम कपड़ा पहनाने को बोला। जिस पर उसकी पत्नी बच्ची को लेकर घर में रखे सब्जी काटने वाला बैठी से गर्दन रेत हत्या कर दी। हल्की आवाज होने के बाद जब वह घर में देखा कि उसकी पत्नी ने बच्ची की गला रेतकर हत्या कर दी है। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। अब सब कुछ ठीक रहने के बाद उक्त मां ने अपनी बेटी की हत्या क्यों कर दी यह अपने अंदर कई प्रश्न को जन्म दे रहा है।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और आरोपी फूलमानी देवी को हिरासत में लेकर थाना आ गयी। पति कैलाश गोप का बयान है कि उसकी पत्नी के मानसिक स्थिति खराब थी जिसे लेकर वर्ष 2018 से प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज कर दवा चल रहा था। इधर कुछ दिनों से फूलमानी देवी का तबीयत खराब होने के कारण उक्त दवा को बंद कर दूसरा दवाई चल रही थी।

**थाना प्रभारी ने कहा**

**इस संबंध में थाना प्रभारी तरूण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। घटना में प्रयुक्त तेज धार बैठी को जप्त किया गया है। वही बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजा गया है। पुलिस और पहलू पर जांच कर रही है।**

## 8 को होगा तेली साहू महासंगठन का स्वजातीय सदभाव सम्मेलन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला की ओर से आगामी 8 जनवरी-2025 को आंजनधाम में जुटान होगा। इस जुटान में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश स्तरीय स्वजातीय सद्भाव सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम इस लिए भी महत्वपूर्ण है कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष का चयन भी किए जाने की सूचना है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता सहित राष्ट्रीय स्तर के महामंत्री, अपर-महामंत्री, संगठन महामंत्री, कोषाध्यक्ष, जैसे अतिथियों की उपस्थिति की बात बताई जा रही है। झारखंड के सभी जिले के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। गुमला जिला से सभी प्रखंडों से तेली समाज के सदस्यों की काफी संख्या में उपस्थिति की संभावना है। यह जानकारी राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला के जिला-अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने दी।

## मिशन बदलाव ने एसपी से चोर को पकड़ने की लगायी गुहार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सब्जी बेचने वाली महिला संध्या उरांव के रुपये चोरी होने के बाद अभी तक चोरों का पता नही लगाने की शिकायत लेकर मिशन बदलाव की टीम पुलिस कप्तान शंभु कुमार सिंह से मुलाकात की। मिशन बदलाव के प्रतिनिधि मंडल में नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव ज्योति गलोयरिया कुजूर के नेतृत्व में गुमला पुलिस अधीक्षक से मिला। प्रतिनिधियों ने बताया कि संध्या उरांव चेतर गुमला की निवासी है और टोटो में सब्जी बिक्री कर जीविकोपार्जन कर रही है। उसने महिला समूह से 50 हजार रुपये का ऋण लेकर सब्जी का व्यवसाय कर रही थी। इसी दौरान टोटो बाजार टांड़ से 50 हजार रुपए और पर्स में रखे जेवरात की चोरी हो गयी। चोरी के मामलों को लेकर गुमला थाना और टोटो थाना में आवदेन लगाया गया लेकिन चोर पुलिस को नहीं पकड़ सकी। ज्योति वर्मा ने कहा कि टोटो थाना ने चोरी के इस मामले को गम्भीरता से नहीं लिया जिसके वजह से चोर पकड़ में नहीं आया। पुलिस अधीक्षक गुमला ने ज्योति को बताया टोटो थाना को मामले को लेकर निर्देश दे दिया गया है और जल्द से जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## देवरागाणी में स्वास्थ शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 32 वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को झांगुर ग्रुप के सुप्रीमो रामदेव उरांव के गांव देवरागाणी में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्घाटन सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार गौरव प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह आदि लोगों ने संयुक्त रूप से की। जहां एसएसबी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हिमांशु गिरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर की टीम के द्वारा शिविर में पहुंचे महिला पुरुषों एवं बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य की जांच करते हुए दवा उपलब्ध करायी गयी और उचित चिकित्सकीय परामर्श दिये गये। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा वृद्ध असहयों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंपनी कमांडर अभिषेक कुमार गौरव ने कहा कि मोस्ट वांटेड रामदेव उरांव के गढ़ एवं गांव में उक्त शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य यहां के लोगों को भय मुक्त वातावरण देना है साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा में जोड़ना है ताकि वे राज्य व देश का काम आ सके साथ ही साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम हो सके और क्षेत्र में रह रहे ग्रामीण अपने परिवार के साथ सुखद जिंदगी जीते हुए देश के विकास में भागीदारी बन सके। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि आपके सहयोग के बिना एसएसबी अधूरी है। आप लोग अपना सहयोग दें हम आपकी सुरक्षा देने के लिए रात दिन तत्पर हैं। इस मौके पर इंस्पेक्टर निरंजन कुमार प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो चिकित्सा टीम के कर्मी एवं एसएसबी के जवान मौजूद थे।

## इ-जनशिकायत कार्यक्रम में लोगों ने वीडियो कांफ्रेसिंग से अपनी समस्याओं को साझा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शनिवार को परियोजना निदेशक आइटीडीए रीना हांसदा की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया।



कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड से लगभग 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। रीना हांसदा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य रूप से जाती प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में कई नागरिक प्रखंड कार्यालय आये एवं वीडीयो कांफ्रेसिंग से पूर्व ही प्रखंड स्तर पर ही उनकी समस्याओं का निवारण संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा कर दिया गया था। इसके अलावा भी कई समस्याओं जा समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित बीडीओ के माध्यम से ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। नागरिकों द्वारा उठाये गये मुद्दों में सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, नाली निर्माण, सोक पीट निर्माण सहित अन्य समस्याएं थी। श्रीमती हांसदा ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

## जरूरतमंदों को मसमानो में बीडीओ ने दिया कंबल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत में पंचायत भवन में भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, मुखिया ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य सुकरमुनी उरांव, वार्ड सदस्य बंधका उरांव, वार्ड सदस्य दशमी देवी, समाजसेवी सरोज राम, हबीब अंसारी, लाल देवव्रत नाथ शाहदेव, पंची उरांव, केश्वर उरांव सहित अन्य लोगों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वृद्ध जनों को ठंड में कंबल काफी राहत देगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन असहायों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल, धोती, साड़ी सहित अन्य वस्तुएं मिलने के उन्हें काफी सहयोग होती है। उन्होंने वृद्ध जनों से कहा कि किसी भी मामले पर आप सभी पंचायत प्रतिनिधि के अलावे प्रखंड प्रशासन से मुलाकात कर सकते हैं।

## ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति ने बीमरला माइंस बंद करने की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति ने बीमरला माइंस का खनन व परिवहन कार्य बंद करने कि घोषणा कि है। यह घोषणा शनिवार को घाघरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघर्ष समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत टुनटुन ने बताया कि हिंडालको कंपनी की दमनकारी नीति के विरुद्ध बॉक्साइट खनन और परिवहन का कार्य आगामी 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। और यह हड़ताल तब तक जारी रहेगा जब तक की हिंडालको कंपनी 18 सूत्री मांग को लागू नहीं कर लेती साथ ही लिखित रूप से संघर्ष समिति के समक्ष समझौता नहीं कर लेती है। शिवकुमार भगत ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से संगठन के द्वारा हिंडाल्को के शोषणात्मक रवैया के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। पूर्व में ही प्रभावित क्षेत्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर 18 सूत्री मांग हिंडालको को सौंपा गया था। साथ ही यह कहा गया था कि इस 18 सूत्री मांग पर जल्द से जल्द पहल किया जाए अन्यथा जनवरी माह से बीमरला माइंस क्षेत्र का खनन व परिवहन कार्य को बंद कर दिया जायेगा। जिसके बाद भी हिंडाल्को के द्वारा किसी भी तरह का पहल नहीं किया गया। जिसे देखते हुए संघर्ष समिति को यह फैसला लेना पड़ा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद क्रांतिकारी नेता सह संघर्ष समिति के संरक्षक इस्लाम अंसारी ने कहा ट्रक मालिकों के साथ कंपनी द्वारा अन्याय करते हुए पिछले 2 वर्षो से 120 रुपया प्रति टन कम किराया दिया जा रहा है। जिसे जोड़ कर एरियर के साथ कंपनी को भुगतान करना होगा।

मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष राजू उरांव, सरांगो मुखिया राजेश बड़ाईक, बीमरला मुखिया चांदनी उरांव, आदर मुखिया यशमुनी देवी, बिनोद राम, जीतबहान भगत, सचिन साहू, नयमुल खान, लोहरदगा से समीर खान उर्फ बबलू, ननका कुरेशी, जमील खान उर्फ कालो, निकेश साहू, फैज कुरैसी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बजरंग दल ने साहसिक यात्रा को लेकर निकाली बाइक रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बजरंग दल शौर्य सह साहसिक यात्रा को लेकर गुमला नगर के दूधेश्वरी धाम भलदम चट्टी सोसो मोड़ प्रांगण से गुमला नगर भ्रमण हेतु बाइक रैली का आयोजन किया गया। जय श्री राम जय श्री राम जय श्री कृष्णा हर हर महादेव से गूंज गुमला शहर और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बजरंग दल की बाइक रैली मां दूधेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर थाना चौक महाबीर चौक रामनगर होते हुए तरी से बहरा टोली होते हुए डूमरडीह से पालकोट रोड होते हुए डीएसपी रोड से टावर चौक से पालकोट रोड से घाटो बगीचा होते हुए सिसई रोड पुनः टावर चौक से मेन रोड जशपुर रोड होते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो दुंदुरिया में समापन हुआ। सभी हिंदुओं से अपील की गई है कि 5 जनवरी को दुकान बंद रखें और कार्यक्रम में सम्मिलित होइये। साथ ही गुमला के सभी हिंदुओं ने दुकान बंद का समर्थन दिया है और कहा है कि इस हिंदू के साहसिक यात्रा में गुमला के सभी दुकान बंद रहेंगे।



5 जनवरी बजरंग दल साहसिक यात्रा का कार्यक्रम लिप्टिस बगीचा लक्ष्मण नगर से प्रारंभ होकर गुमला नगर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो दुंदुरिया में समापन किया जाएगा साथी हनुमान मंदिर बस डिपो दुंदुरिया में महा भंडारा सहित मंचिय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग दल प्रांत के संयोजक रंगनाथ महतो उपस्थित रहेंगे। उपस्थित गण में अजय सिंह राणा, मनीष बाबू, मुकेश सिंह, संतोष यादव, रविंद्र सिंह, समलेश शर्मा, अमित कुमार, अनुप लाल, विपुल गुप्ता, अमन राणा, यशराज सिंह, मनोज साहू, धरमु गोप, कुनाल कुमार, सूरज वर्मा अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## 19 को होगा गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव

सुबह 9 बजे से शाम चार बजे तक कर सकेंगे मतदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला का चुनाव 19 जनवरी को संपन्न होगा। चेंबर के सदस्य 19 जनवरी को सुबह के 9 बजे से शाम चार बजे तक अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट डाल सकेंगे। इस बात की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्य चुनाव प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने दी। आगे बताया कि इसी दिन शाम छह बजे से मतगणना का कार्य किया जाएगा। जिसका परिणाम देर रात तक सामने आ जाने की संभवना है। मतदान व मतगणना का कार्य नगर भवन में संपन्न होगा। आगे बताया गया कि चुनावी प्रकिया में एक हजार मतदाता भाग लेंगे। मतदाता सूची का प्रकाशन और नाम सुधार की प्रकिया 6 व 7 जनवरी को दोपहर तीन से पांच बजे तक संपन्न होगी। नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन 8 व 9 जनवरी को होगी। नामांकन पत्रों की जांच 10 जनवरी को और नाम वापसी के साथ साथ क्रमांक वितरण 11 जनवरी को होगा। उपरोक्त सभी कार्य चैंबर कार्यालय होटल सिद्धि विनायक बस स्टैंड में संपन्न होंगे। मौके पर सहायक चुनाव पदाधिकारियों में शामिल पवन अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल के अलावे अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा व अमर प्रदीप कुजूर शामिल थे।



**हारने पर जब्त होगी जमानत राशि**

मुख्य चुनाव प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने बताया कि चार जनवरी तक सदस्यता नवीकरण किए गए व नए बने सदस्य ही मतदान प्रकिया में भाग ले सकेंगे। आम चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशी से नामांकन शुल्क 800 और जमानत राशि के तौर पर 1500 रूपए ली जायेगी। जो प्रत्याशी विजय होंगे। उनकी जमानत राशि वापस कर दी जायेगी। जो प्रत्याशी नाम वापस लेंगे उनकी भी जमानत राशि लौटा दी जायेगी। इसके लिए राशि की प्राप्ति रसीद होना आवश्यक है। नामांकन पत्रों में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर नामांकन पत्र रद्द कर दिया जायेगा। जिनका सिर्फ जमानत राशि ही वापस होगा।

**गुटों में लड़ा जायेगा चुनाव, दल-बदल करने पर रद्द होगी सदस्यता**

कार्यकारिणी समिति के चुनाव के प्रत्येक मतदाता 21 मत देना अनिवार्य रुप से देंगे। कम या अधिक मत देने पर मत पत्र रद्द हो जायेगा। चुनाव में टीम लीडर के नाम का सहमति पत्र भर कर प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। ताकि उनके गुट की पहचान हो सके। प्रत्याशी किसी भी स्थिति में दल-बदल नहीं करेंगे। दल-बदल करने वाले प्रत्याशी की सदस्यता स्वतः रदद हो जायेगी। चुनाव लड़ने के लिए किसी भी गुट बनाने में न्यूनतम 11 सदस्य का होना अनिवार्य है।

**निर्दलीय किसी गुट के साथ नहीं कर सकेंगे प्रचार**

निर्दलीय प्रत्याशी का अधिकार स्वतंत्र होगा। वे निर्दलीय रूप से ही अपना प्रचार-प्रसार भी अलग करेंगे। उन्हें किसी भी गुट के साथ प्रचार-प्रसार करने की अनुमति नहीं होगी। 21 निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव होने के बाद जिस गुट के पास बहुमत का आंकड़ा 11 या उससे अधिक होगा। वह टीम अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को स्वतः नामित करेगा। बहुमत वाली टीम से जो पदाधिकारी बनेंगे, उनके बीच गुप्त मतदान न कराकर उनका शपथ ग्रहण होगा।

## दुंदुरिया में श्री रामचरितमानस और गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन चौक दुंदुरिया में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा शनिवार दिन के 2 बजे श्रीरामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्या साध्वी अमृता भारती ने कहा कि प्रभु राम का जीवन चरित्र सिर्फ कथा कहानियों को सुनने से हमारे जीवन में नहीं उतरता, प्रभु राम के आदर्श को जीवन में उतरने के लिए प्रभु राम को जानना होगा। प्रभु राम ने श्रीरामचरितमानस में कहा की इस सृष्टि में सभी जीव मुझे प्रिय है लेकिन सबसे अधिक मनुष्य मुझे प्रिय है क्योंकि इसी मनुष्य तन में प्रभु राम का दर्शन प्राप्त किया जा सकता है। परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ कलाकृति होने के बावजूद समाज में मानव कहीं से श्रेष्ठ नजर नहीं आ रहा आज मानव के अंदर से मानवता समाप्त हो चुकी है और दानवता प्रवेश कर चुका है। इंसान के लिवास में हैवान बन चुका है। महापुरुष इंसान के अंदर इंसानियत के गुण को आरोपित करने के लिए इस धरा पर अवतरित होते हैं और मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य से उसे अवगत कराते हैं। आज के वैज्ञानिक उन्नति के युग में जहां इंसान ने चहुं और विकास किया चाहे वह मानसिक, बौद्धिक या शारीरिक विकास हो लेकिन आज का विज्ञान एक श्रेष्ठ चरित्रवान मानव का गठन नहीं कर सका। इतिहास गवाह है कि आज तक जब भी श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण समाज में हुआ तो पूर्ण संत महापुरुषों के कृपा हस्त तले ही हुआ चाहे वह चंद्रगुप्त हो या विवेकानंद।



### सदर एसडीओ एवं विधायक ने मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय का किया निरीक्षण

# अनुमोदन के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर निलंबित

- नियमित रूप से कक्षा संचालित करने का निर्देश
- दिनेश कुमार को बनाया गया शिक्षक प्रतिनिधि, कर्मियों के डॉक्यूमेंट की होगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय का निरीक्षण करते सदर एसडीओ एवं विधायक।

**पांकी/पलामू।** जिले के पांकी प्रखंड के मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला के कंप्यूटर ऑपरेटर (कंप्यूटर प्रशिक्षक) शशिकांत कुमार यादव का मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। शासी निकाय ने कंप्यूटर ऑपरेटर के निलंबन का अनुमोदन कर दिया है। शनिवार को मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा और पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में शासी निकाय की बैठक हुई। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर को निलंबन का अनुमोदन किया गया। एसडीओ ने कॉलेज के प्रिंसिपल को निर्देश दिया है कि अगली बैठक में सभी कर्मियों का योग्यता संबंधित सभी प्रकार का दस्तावेज लेकर आए, ताकि उनकी जांच की जाए कि उनका नियुक्ति नियम संगत हुआ या नहीं। बैठक में दिनेश कुमार को शिक्षक प्रतिनिधि बनाया गया। इसके बाद एसडीओ ने कॉलेज के क्लास रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लास रूम में कक्षाएं बंद पाई गयी। विद्यार्थी भी अनुपस्थित थे। एसडीओ ने कॉलेज के सभी कर्मियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाएं नियमित संचालित करने और छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। एसडीओ ने लैब आदि का भी निरीक्षण किया और सारे कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बता दें कि पिछले दिनों पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां विधायक ने कंप्यूटर ऑपरेटर को टाइपिंग के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि कंप्यूटर ऑपरेटर शशिकांत कुमार यादव टाइपिंग करने के बदले, बिना कुछ बताएं कॉलेज से अपने घर चले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कॉलेज प्रबंधन ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर महाविद्यालय के नियमों के उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए निलंबन के लिए पत्र लिखा था। इसके आलोक में शनिवार को शासी निकाय की बैठक बुलाकर कंप्यूटर ऑपरेटर के निलंबन का अनुमोदन किया गया। बता दें कि कंप्यूटर ऑपरेटर शशिकांत कुमार यादव महाविद्यालय में कंप्यूटर प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, कॉलेज के सचिव डॉ बिंदेश्वरी सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य अवध बिहारी सिंह, संकटेश्वर सिंह, शिक्षक राकेश कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

# आरक्षण निर्धारण के लिए घर-घर सर्वे का निर्देश

पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिये जाने को लेकर सीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को सीओ पंकज कुमार ने बीएलओ के साथ बैठक की। जिसमें झारखंड सरकार के पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग सदस्य की ओर से निर्देशित नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने के संबंध में किये जाने वाले सर्वे पर चर्चा की। इस दौरान सीओ ने बीएलओ को घर-घर सर्वे करने के संबंध में कई जानकारी दी। कहा कि सभी बीएलओ व सुपरवाइजर विधानसभा निर्वाचन के नियमावली के अनुसार निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को आरक्षण की पात्रता के लिए वार्डवार मतदाता सूची विखंडन का कार्य सुनिश्चित करें। कहा कि सभी बीएलओ नगर पंचायत कर्मी व पूर्व पार्षद से समन्वय बनाकर विखंडन एवं सत्यापन का कार्य आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बीएलओ चन्द्रावती देवी, रूबी कुमारी, रमावती देवी, कंचन कुमारी, सोनी देवी, सुनीता कुमारी, कमला कुंवर, शारदा देवी और प्रीति कुमारी आदि मौजूद थे।

# एक्स-रे व ऑपरेशन कक्ष खुलने से प्रखंड वासियों को मिलेगा विशेष लाभ: विधायक

डॉ शशिभूषण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे एवं ऑपरेशन कक्ष का किया उद्‌घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पांकी/पलामू।** विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शनिवार की दोपहर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे एवं मोतियाबिंद के इलाज के लिए ऑपरेशन कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। इसमें प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत विधायक के आगमन पर चिकित्सा प्रभारी डॉ महेंद्र प्रसाद एवं प्रबंधक अनुज सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष के समीप एक्स-रे कक्ष का उद्घाटन एवं स्वास्थ्य केंद्र के ऊपर तल्ले में ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि एक्स-रे एवं ऑपरेशन कक्ष के खुल जाने से प्रखंड वासियों को विशेष लाभ होगा। इस व्यवस्था के शुरू होने से लोगों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक को विशेष रखरखाव एवं स्वास्थ्य केंद्र में अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिये। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौके पर कई जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी एवं सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।




# ग्रासिम प्रबंधन सामाजिक दायित्वों का भी करता है निर्वहन : हितेंद्र अवस्थी

ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग की ओ से जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला-विशुनपुर स्थित बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट के परिवार कल्याण केंद्र परिसर में ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग की ओर से शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। कंबल का वितरण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी और महिला मंडल अध्यक्ष नमिता अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया। इस असर पर हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करता है। कारखाना के आसपास के गांवों में सामाजिक उत्थान के लिए ग्रासिम प्रबंधन द्वारा कई महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष कंबल वितरण भी किया जाता है। इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि सीएसआर विभाग की ओर से शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा आजीविका से संबंधित गतिविधि, किसानों व महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिये कार्य किया जाता रहा है। हम जनवरी को 'ज्वाय आफ गिविंग' महीने के रूप में मना रहे हैं। जिसके तहत आसपास के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए रोचक लाइब्रेरी की स्थापना होगी। 500 बच्चों को स्कूल किट दिया जायेगा। जबकि 1200 लोगों के बीच कंबल वितरण, आसपास के बालिका विद्यालयों में हाइजीन से संबंधित अभियान, स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभावान छात्राओं के लिए ग्रासिम स्कॉलरशिप योजना आदि की शुरूआत की जायेगी। इस मुहिम में सीएसआर के अलावा ग्रासिम के सभी अधिकारी व कर्मचारी भी निजी रूप से आर्थिक सहयोग करेंगे। आने वाले दिनों में गांव-गांव में बने विभिन्न केंद्रों पर जाकर सीएसआर की टीम जरूरतमंद लोगों के बीच चरणबद्ध तरीके से कंबल का वितरण करेगी। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार व सीएसआर के अनिल गिरि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में जनसेवा ट्रस्ट के डॉ पीपी। पांडेय, मो कैफ मारुति नंदन, आफताब अंसारी, यामिनी शर्मा, अनुपम मिश्रा एवं वंदना झा आदि उपस्थित थे।

# गांव यात्रा कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज पहुंची दूरदर्शन की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायतों में विकास एवं ग्रामीणों में जागरूकता की कहानी प्रसारण करने के लिए गांव यात्रा कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची और पलामू की दूरदर्शन टीम पहुंची। इस दौरान कौआकोह में किसान स्ट्रॉबेरी की खेती कर आसपास के ग्रामीणों को भी रोजगार देने के साथ ही खड़गपुर पंचायत में विकास की गति एवं केंद्र सरकार की योजना से लाभावित ग्रामीण लाभुकों की वीडीओ फोटो ली गयी। इसके बाद सरसोत उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सीएचओ और ग्रामीण लाभुकों से जानकारी ली गई। वहीं रांची दूरदर्शन की पत्रकार कीर्ति कुमारी और पलामू के पत्रकार अनुज सिंह ने बताया कि गांव यात्रा के तहत दूरदर्शन की टीम आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज का एक कहानी बनाने के उद्देश्य से किसान किन-किन फसलों का उपज कर हैं, एसएचजी महिलाओं में जागरूकता के प्रति और केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आवास, शौचालय, पीएम किसान और उज्जवला योजना के लाभुकों से जानकारी ली गई। शूट की गई सभी वीडीओ और फोटो को कहानी के रूप में हेड ऑफ प्रोग्राम देशबंधु कार्यीय रांची की ओर से दूरदर्शन झारखंड पर प्रसारण कराया जाएगा। वहीं टीम की ओर से बीडीओ परितोष प्रियदर्शी और आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार से भी क्षेत्र में विकास की जानकारी ली गई। मौके पर कैमरा सुभांगी प्रिया, प्रह्लाद कुमार आदि उपस्थित थे।




# संत मरियम से पढ़े विद्यार्थी ने आरआइएमसी में देशभर में लाया आठवां स्थान : अविनाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय से पढ़े विद्यार्थी ने राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के इंट्रेंस परीक्षा में सनी सिंह देश भर में आठवां स्थान लाकर पलामू जिला सहित पूरे झारखंड राज्य का मान बढ़ाया है। शनिवार को विद्यालय कि ओर से सनी कुमार सिंह को संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सनी के साथ आए अभिभावक का भी अभिनंदन किया गया। विदित हो कि सनी सिंह कजरी ग्राम के रहने वाला किसान का बेटा है जो पांचवीं तक पढ़ा फिर सैन्य विद्यालय धौलपुर चला गया। यह परीक्षा पास करने से देश के नामचीन राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में पढ़ेगा। अनिवाश देव ने कहा कि सनी का भविष्य उज्वल है। यह सफर सेना अध्यक्ष तक का है। हम कामना करते हैं कि सनी और बेहतर करे। सन्नी सभी बच्चों के लिए एक रोल मॉडल की तरह है। इससे बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। वह कैसे देश में आठवां रैंक प्राप्त किया। आप सभी चिंतन करें और संकल्प लें कि हम भी राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल आयेंगे।

# विधायक ने गरीबों के बीच कंबल बांटा



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के मौजूदगी में विधायक आलोक चौरसिया ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। विधायक ने कहा कि समाज में एक सामाजिक उन्नति प्रगति करने वाला संगठन होना चाहिए। स्वर्णकार भाइयों कीतरह हर प्रखंड में ऐसा कार्य होना चाहिए।




JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone No.: 0651 – 2401044 & 2401067 and eMail: japit_doit@rediffmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**
**e-Tender Ref No.: JAP-IT/Coop/RCS-Compute/01/2025**

On behalf of Dept. of IT & eGov., GoJ, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) invites online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders. gov.in / nicgep/app from reputed System Integrator (SI) / System Provider (SP) for 'Computerization of Office of Registrar of Cooperative Societies (RCS) of Jharkhand'.
The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

Tender Schedule

| Sl. No. | Item | Description |
|---|---|---|
| 1. | eTender Ref. No. | JAP-IT/Coop/RCS-Compute/01/2025 |
| 2. | Name of Work | Request for Proposal for Selection of SI/SP for 'Computerization of Office of Registrar of Cooperative Societies (RCS) of Jharkhand'. |
| 3. | Tender Fee | INR 5,000.00 (Rs. Five Thousand only) submitted through on-line mode, as per terms & condition of Jharkhand eProcurement Portal. |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 05,00,000.00 (Rs. Five Lakh only) submitted through on-line mode, as per terms & condition of Jharkhand eProcurement Portal. |
| 5. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid Downloading Date | From 04.01.2025 |
| ii. | Last date of submission of the Pre-Bid Query | Latest by 13.01.2025 |
| iii. | Pre-Bid Meeting at the office of JAP-IT | On 15.01.2025 at 03:00 pm |
| iv. | Start date and time of Online Bid Submission | From 17.01.2025 at 05:00 pm |
| v. | Last date and time of Online Bid Submission | Latest by 27.01.2025 till 05:00 pm |
| vi. | Technical Bid Opening | On 28.01.2025 by 05:30 pm |
| vii. | Financial Bid Opening | Will be announced accordingly. |

- Declared L1 bidder have to submit a PBG with a value of 10% of the quoted value as per Award of Contract (AoC) / Award of Work (AoW) in Favor of the CEO, JAP-IT, Ground Floor, Engineer's Hostel No.1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi.
- EMD amount will be refunded to L1 bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app.
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid 11th hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

Note:-The bid shall be downloaded & submitted online through https://jharkhandtenders.gov.in and bid can also be downloaded from https://japit.jharkhand.gov.in also
The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR.NO.343535 Information Technology(24-25):D

# टेंडर के तीन महीने बाद भी नगर पंचायत में शुरू नहीं हो सका पार्क निर्माण का कार्य

होल्डिंग टैक्स की वसूली के बावजूद नगर में नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव : अरविंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर में विकास योजनाओं में अनियमितता और संवेदकों की मनमानी देखने को मिल रही है। छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 के कर्माकला डैम सूर्य मंदिर के बगल में एक पार्क का निर्माण किया जाना है, जिसकी लागत करीब 85 लाख 89 हजार रुपये है। संबंधित संवेदक को टेंडर के बाद 6 सितंबर को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया था, लेकिन संवेदक की मनमानी और नगर पंचायत की उदासीनता के कारण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इस कारण स्थानीय लोगों में निराशा और आक्रोश है। स्थिति यह है कि नाम तो नगर पंचायत का है, लेकिन यहां की व्यवस्था किसी पिछड़े गांव से भी बदतर है। दूसरी ओर, नगर के लोगों से होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिए नगर पंचायत के कर्मचारी लगातार दबाव बना रहे हैं। हालांकि, नगर पंचायत की ओर से अब तक नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। जिस स्थान पर पार्क निर्माण के लिए भूमि का चयन किया गया है, वह प्राकृतिक रूप से अत्यंत सुंदर है। पास ही कर्माकला डैम है, जहां वर्षभर पानी रहता है। डैम के किनारे भव्य सूर्य मंदिर है, जहां छठ पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। लोगों का कहना है कि यदि वहां पार्क का निर्माण हो जाता, तो नगरवासियों के लिए घूमने और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक बेहतरीन स्थान उपलब्ध हो जाता। सूत्रों के अनुसार, पार्क निर्माण का कार्य पलामू के जपला स्थित जय माता दी कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। इस संबंध में छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान ने बताया कि संवेदक को कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इस संबंध में जांच टीम का गठन किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि यह नगर प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है, जिस कारण अब तक पार्क तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी को अब तक संवेदक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी। अरविंद ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां जनपक्षीय विकास कार्यों की जगह कुछ कर्मियों द्वारा चंद लोगों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही नगर पंचायत में स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे स्थानीय लोगों के साथ आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

**JOB VACANCY**
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

### कसमार के बगदा, मुरहुल, पिरगुल और मधुकरपुर पैक्स भवनों का योगेंद्र प्रसाद ने किया शुभारंभ

# किसानों से औने-पौने दाम पर धान खरीदने वाले बिचौलियों पर होगा एफआइआर: मंत्री

## कहा- सरकार किसानों को लाभ देना चाह रही और बिचौलिये मंसूबों पर पानी फेर रहे

**कंडेर, टिकाहारा और ललपनिया पंचायतों में मांझी भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता





कसमार के बगदा, मुरहुल, पिरगुल और मधुकरपुर पैक्स भवनों में धान अधिग्रहण केंद्र का शुभारंभ करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो। मांझी भवन का शिलान्यास करते मंत्री।

**कसमार/ललपनिया।** राज्य के पेयजल स्वच्छता व मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद शनिवार को कसमार प्रखंड अंतर्गत बगदा, मुरहुल, पिरगुल और मधुकरपुर पैक्स भवनों में धान अधिग्रहण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कहा कि उन्हें सूचना मिल रही है कि भोले भाले किसानों को बहला फुसला कर बिचौलिये औने पौने दाम पर धान खरीद कर ले जा रहे हैं। वैसे बिचौलियों पर अब सीधे एफआइआर होगी। उन्होंने अपील की कि बिचौलियों को धान खरीदते देख कोई भी व्यक्ति तुरंत प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ एवं प्रमुख को फोन पर सूचना दे सतका है, जिस पर पदाधिकारी तुरंत कार्रवाई करेंगें और उस पर सीधे एफआइआर दर्ज करायेंगें। मंत्री ने कहा कि यह बहुत दुःख की बात है कि किसानों की मेहनत से उपजाए अन्न को बिचौलिए उठा ले जा रहे है। सरकार किसानों को लाभ देना चाहती है पर बिचौलिए उसके मंसूबे को पानी फेर दे रहे हैं। कहा किसानों के हक को छीनना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों के हित के लिए ही प्रत्येक पंचायत के पैक्स भवनों के अलावे गांवों में भी धान अधिग्रहण के लिए किसान आइडी पत्र बनाए जा रहे हैं। इससे किसानों को पैक्स में धान बेचने में आसानी होगी। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि आप धान को पैक्स में ही दें। धान अधिग्रहण शुभारंभ के अवसर पर कसमार प्रमुख न्योती कुमारी दे, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, बीसीओ राणा रमेश कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, मधुकरपुर मुखिया राजेंद्र महतो, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार प्रजापति, पैक्स अध्यक्ष गणेश कुमार नायक, कृषक मित्र सुभाष चंद्र ठाकुर, पैक्स संयोजक समरेश कुमार कपरदार, शिक्षक अनूप कुमार पांडेय, शंकर स्वर्णकार, समाजसेवी ईश्वर रजक, भगवत महतो, मिथिलेश कुमार तिवारी, धनंजय स्वर्णकार, उमाशंकर महतो, देवेंद्र महतो, रमेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत कंडेर पंचायत के सिमराबेड़ा, ग्राम पंचायत बड़की पुन्नु बुटगोड़वा, टिकाहारा पंचायत के ग्राम केरी मतकाम तांड और ललपनिया पंचायत के ग्राम खिराबेड़ा नया बस्ती में मांझी भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। चारों जगहों पर मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता की हर आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तेजी के साथ कार्य कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच आज आम व्यक्ति तक सहज और सुलभ हुई है। गांव में मांझी भवन के निर्माण से स्थानीय लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर समेत अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया। साथ ही सभी लोगों से खुद के साथ बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की है।

## डीसी से मिली झरिया विधायक समस्याओं से करवाया अवगत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर शनिवार को विधायक रागिनी सिंह ने डीसी माधवी मिश्रा से उनके आवासीय कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच झरिया के सभी गंभीर विषयों को लेकर चर्चा हुई। डीसी ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निष्पादन किए जाने का भरोसा दिला। साथ ही नव वर्ष पर विधायक ने डीसी को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

## निधन की खबर पाकर गोउर मिश्रा के आवास पहुंचे विधायक शत्रुघ्न महतो, परिजनों को दिया सांत्वना



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विस क्षेत्र के कांड्रा निवासी गोउर मिश्रा के निधन की खबर सुनकर शनिवार को विधायक शत्रुघ्न महतो उनके आवास पहुंचे। दुःख की इस घड़ी में उन्होंने गोउर मिश्रा के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। विधायक ने परिवारजनों को इस कठिन समय में हिम्मत व संबल प्रदान किया। साथ ही हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ हैं और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वह तैयार हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## स्कूलों में अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने हीरक प्वाइंट धनबाद पब्लिक स्कूल और सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में बच्चों, शिक्षकों एवं स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उनके बीच बुकलेट भी बांटे गए। साथ ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताया गया। छात्रों से अपने सगे संबंधियों व मित्रों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। उन्हें सीट बेल्ट, हेलमेट आदि की उपयोगिता बताई गई। साथ ही साथ स्कूल के वाहनों की जांच भी की गई और वाहनों में त्रुटि पाए जाने पर करीब 45000 रुपए का चालान भी काटा गया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार, शुभम कुमार, हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, अमरेश कुमार, देवेंद्र कुमार एवं मुकुल कुमार उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर लगातार तीसरे दिन भी प्रदर्शन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** 43 सूत्री मांगों को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने शनिवार को तिसरे दिन भी एकेडब्लूएमसी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बताया जा रहा कि एकेडब्लूएमसी प्रबंधन तीन महीने से मामले में कोई पहल नहीं की है, जिसके विरोध में एकेडब्लूएमसी परियोजना मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग, पीट मीटिंग के माध्यम से विरोध दर्ज कराया गया। चेतावनी दी कि उसके बाद भी प्रबंधन ने मांगे नहीं मानी तो छह जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। गेट मीटिंग का संचालन शाखा सचिव अमरेश चौधरी और अध्यक्षता कुमुद शेखर कुमार ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री नवनीत कुमार सिंह, केंद्रीय कोषाध्यक्ष, राघवेंद्र नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## धन्य है बेरमो की धरती, जहां रहता है परमवीर अब्दुल हमीद का परिवार : कुमार जय मंगल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** धन्य है बेरमो की धरती जहां परमवीर अब्दुल हमीद का परिवार रहता है। जिन्हों देश के अपनी शहादत दी। उक्त बातें बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने कही। वे शनिवार को बेरमो के संडे बाजार स्थित शिशु विकास विद्यालय में आयोजित पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जैक बोर्ड परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी शाहबाज अंसारी को डॉ अरुण कुमार मुखर्जी मेमोरियल ट्रॉफी की पुरस्कार राशि प्रदान की। यह ट्राफी विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र डॉ अफसर खान की ओर से प्रदान किया गया। साथ ही उक्त परीक्षा में रिया कुमारी द्वितीय स्थान एवं प्रिंस कुमार तृतीय स्थान को भी पुरस्कृत किया गया। विधायक ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में जो शिक्षा दी जा रही है उसके साथ उन्हें संस्कारित करना आवश्यक है। जिसमें माता पिता और परिवार के सदस्य मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन ऐसा बहुत कम देखने को मिल रहा है। विधायक जय मंगल ने कहा कि बच्चों से जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। ना ही उन्हें ऐसी शिक्षा देनी चाहिए, जो देश, राज्य, समाज और व्यक्तिगत संबंधों के विकास में बाधक बनने वाले विचार को बढ़ावा देता हो। उन्होंने विद्यालय भवन के लिए राशि उपलब्ध कराने एवं पुस्तकालय के लिए दो लाख रुपए मूल्य की पुस्तक उपलब्ध कराने की भी बात कही। उधर, सम्मेलन को पूर्ववर्ती विद्यार्थियों सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यालय के पदेन अध्यक्ष बोकारो कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी, विद्यालय की उच्च समिति बुद्ध अंबेडकर शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य, शिशु विकास विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## विहिप के देशव्यापी आंदोलन में रासपा भी साथः अमीर

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा स्थित सतत शिक्षा केंद्र मैदान में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। जिसमें विहिप के तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष काशीनाथ विश्वकर्मा की देखरेख में रामाकुंडा पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें सुखदेव महतो (अध्यक्ष), रमेश रजक (बजरंग दल संयोजक) और रामाकुंडा पंचायत की मुखिया पूर्णिमा देवी (दूर्गा वाहिनी प्रमुख) को शामिल किया गया है। इसमें राष्ट्रीय सनातन पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमीर राज पांडेय, विहिप के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, रामेश्वर महतो (योग प्रशिक्षक) भी शामिल हुए। जिन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विहिप की आवश्यकता पर अपना अपना मत दिया। बताया कि विहिप हिन्दुत्व के कवच के रूप में काम कर रहा है। विहिप का रविवार से सरकारो मंदिर छोड़ो का देशव्यापी आंदोलन भी होगी, जिसमें राष्ट्रीय सनातन पार्टी (रासपा) भी समर्थन कर रहा है। बैठक में लालजी कुम्हार, धनंजय रजक, नीतु देवी, धूपलाल रजक, रमेश रजक, सन्गीता देवी आदि थे।

### बस्ताकोला-इंडस्ट्री कोलियरी के 500 लोगों के बीच कंबल वितरण

## झरिया क्षेत्र में पानी की किल्लत को दूर करने का हो रहा प्रयास : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



जरूरतमंद बच्ची को कंबल देती विधायक रागिनी सिंह।

**धनसार।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने शनिवार को बस्ताकोला और इंडस्ट्री कोलियरी के गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 500 कंबल वितरण किया। इस दौरान यहां के लोगों ने रागिनी सिंह को क्षेत्र में पानी की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि पानी के लिए लोगों को दर दर भटकना पड़ता है। इस पर विधायक ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में पानी की किल्लत को दूर करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र में हर जगह पानी की आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कहा कि फिलहाल इस हाड़ कपकपाती ठंड में जरूरतमंद परिवार को कंबल की अधिक जरूरत है, ताकि ठंड से लोगों को राहत मिल सके। इसके अलावा जो लोग वृद्धा व विधवा पेंशन, राशनकार्ड से वंचित हैं, वैसे लोगों को चिंहित कर उसे योजना का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं, बस्ताकोला में पप्पू पासवान के नेतृत्व मे 200 व इंडस्ट्री में मुखिया रामसेवक गुप्ता के नेतृत्व 120 कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर तरूण राय, अरूण पासवान, अप्पू मंडल, विकास पासवान, बिनोद पासवान, शंकर कुमार और सुजीत रवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ओड़िशा की खबरें

## पीएम मोदी 6 को रायगढ़ रेलवे मंडल सहित रेलवे भूमि परियोजनाओं का करेंगें उद्घाटन-शिलान्यास

### ओड़िशा के राज्यपाल और सीएम मोहन चरण होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह जनवरी को रायगढ़ रेलवे मंडल के लिए अ्नलाइन शिलान्यास करने के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण रेलवे भूमि परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगें। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नूतन जम्मू रेलवे मंडल और चर्लापल्ली नया टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा के रायगढ़ा रेलवे मंडल के लिए भी शिलान्यास करेंगे। जिसमें केंद्रीय रेल, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव जम्मू में इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बतातें चलें कि रायगढ़ा रेलवे मंडल मुख्यालय भवन का निर्माण परियोजना की अनुमानित लागत 107 करोड़ रुपये है। इस महत्वपूर्ण परियोजना में स्थानीय क्षेत्र के रेलवे भूमि वृद्धि के लिए लक्ष्य रखा गया है। जिसमें रायगढ़ा में डिवीजन का मुख्यालय, एक आधुनिक मंडल रेलवे कार्यालय भवन लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण होगा जिसमें ग्राउंड फ्लोर समेत और दो फ्लोर होंगे। इसके अलावा रेलवे कार्य संचालन के लिए एक विभागीय नियंत्रण कार्यालय, रेलवे मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण, सुगम यातायात के लिए सड़क संबंध विकसित करने के साथ ही इस परियोजना में पर्याप्त मात्रा में चलप्रचलन क्षेत्र और पार्किंग सुविधाएं शामिल होंगी। स्थिरता को प्रोत्साहित करने के लिए इस रेलवे मंडल भवन में वर्षा जल संचयन व्यवस्था होगी। यह यातायात संबंध को बढ़ाने के साथ इस क्षेत्र में परिवहन संबंध में सुधार लाएगा। उक्त परियोजना विशेष कर दक्षिण ओडिशा के आदिवासी क्षेत्र में क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए यह सहायक होगी। रायगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में ओडिशा के राज्यपाल डॉ कम्भमपति हरि बाबू, मुख्यमंत्री मोहन चरण मझी और रेलवे एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के राज्य मंत्री रबनीत सिंह बिटुंग आदि भाग लेंगे।

## नवीकृत जल पुनर्चक्रण संयंत्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड स्थित लोको कॉलोनी में पुनःनिर्मित जल पुनर्चक्रण संयंत्र का उद्घाटन खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने किया। यह संयंत्र रेलवे कॉलोनी और आस-पास के इलाकों के सीवेज के पानी को पुनःचक्रित करेगा। इसके बाद, पानी को एक टैंक में एकत्र किया जाएगा और फिर पाइप के माध्यम से खोरधा रोड रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा, जिसका उपयोग स्टेशन के प्लेटफार्मों को साफ करने और स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया के बगीचे को पानी देने के लिए किया जाएगा। यह संयंत्र प्रतिदिन 5 लाख लीटर पानी को पुनर्चक्रित कर सकता है। जल और अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि इससे मीठे पानी की आपूर्ति पर निर्भरता कम हो जाती है और पर्यावरण में उत्सर्जित अपशिष्ट जल की मात्रा में भी कमी आती है। पुराने रिसाइक्लिंग संयंत्र को नए मोटरों और मशीनों के साथ पुनःनिर्मित किया गया और सीवेज के पानी से केक के रूप में कीचड़ को इकट्ठा करने की प्रणाली बनाई गई। इस कीचड़ का उपयोग क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता को बेहतर बनाने के लिए उर्वरक के रूप में किया जा सकता है। रिसाइक्लिंग संयंत्र के सकुर्लेटिंग एरिया को एक बगीचे के रूप में विकसित किया गया है। इस अवसर पर खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पीके बेहरा आदि अधिकारियों ने पौधा रोपण भी किया। रिसाइक्लिंग संयंत्र लोको कॉलोनी, खोरधा रोड का नवीकरण मैकेनिकल विभाग के पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन (ईएनएचएम) शाखा की एक पहल है, जिसका नेतृत्व वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर लिंगराज त्रिपाठी और मंडल यांत्रिक इंजीनियर स्वाधीनता दास कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड टीम का कमाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद/भुवनेश्वर।** झारखंड पिकल बॉल के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने शनिवार को बताया कि ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित आरवाइपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक हासिल किए। 30 प्लस मेंस सिंगल्स में धनबाद के चंद्रदेव प्रजापति ने ओडिशा के राजेश को 15-7 के बड़े अंतर से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं, 19 प्लस मेंस सिंगल्स ओपन कैटेगरी में झारखंड के सोनू कुमार ने महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। साथ ही दीपक कुमार ने भी शानदार खेल दिखाते हुए सानिश पाटिल को 11-10 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि इनकी यह जीत झारखंड के लिए गर्व का पल है। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। संगठन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने कहा कि इनकी मेहनत और सफलता से झारखंड में पिकलबॉल का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है। झारखंड के सीनियर खिलाड़ी गौरव कुमार ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को मेहनत जारी रखनी चाहिए। जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन लगातार प्रयास ही सफलता की कुंजी है। बतातें चलें कि इस शानदार प्रदर्शन से झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यह उपलब्धि राज्य में पिकलबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकेत देती है।

## महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर कार्रवाई की मांग

**महुदा (आजाद सिपाही)।** डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन ने हाल ही में धनबाद के बैंक मोड थाना क्षेत्र में पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं पर लाठीचार्ज किए जाने के मामले में नई दिल्ली राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत की है। फाउंडेशन ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए आयोग से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। आरोप है कि रवि राय की हत्या के बाद उनके परिजन और पड़ोसी न्याय की मांग के लिए बैंक मोड थाना पहुंचे तो पुरुष पुलिस कर्मियों ने बिना किसी उचित कारण के लाठीचार्ज कर दिया।

## अपनी बची-खूची साख को भी बर्बाद करने में लगें हैं लालू-तेजस्वी : जदयू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जनता दल यू (जदयू) का एनडीए गठबंधन से निकलकर इंडिया गठबंधन में जाने की बात बिल्कुल निराधार है। यह लालू और उनके पुत्र तेजस्वी यादव के दिमाग की उपज है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाना बनाकर यह खेल खेला गया है। कहा कि असल में बिहार में राजद का आस्तित्व खत्म हो रहा है। इसलिए लालू परिवार अपनीाआपा खोकर ऐसी बातें कर अपना खुद ही मजाक बनवा रहे हैं। उक्त बातें जदयू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हवाला देते हुए कही। उन्होंने कहा कि ऐसा करके लालू-तेजस्वी बिहार में अपनी दिवालियापन का परिचय दे रहें हैं। पिता-पुत्र दोनों का ही बिहार में सफाया हो चुका है अब भाजपा और प्रधानमंत्री की आड़ में अपनी बची खूची साख को भी बर्बाद करने पर तुले हैं।

